मूल्य : 5/-
18 नवंबर से 24 नवंबर, 2024
वर्ष - 3, अंक - 31



# शौर्य न्यूज इंडिया

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

सोच वही, ऊर्जा नई...

www.shauryanewsindia.co.in



पेज 5
गरम मसाला है 'कॉपी' फिल्म...

पेज 5
जब धनुष पर भड़कीं नयनतारा...

बनारस, चंदौली, आजमगढ़, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, सिंगरौली, राजगढ़, भदोही, बलिया, मऊ, प्रयागराज, देवरिया, मथुरा, अयोध्या, आगरा, महोबा, बांदा, मुरादाबाद, बहराइच और गोरखपुर से प्रसारित

# सर्वांगीण विकास का मॉडल बनी काशी: योगी


## उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दीप जलाकर किया विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली का भव्य शुभारंभ, लोकार्पित नमो घाट है अनूठा-केंद्रीय मंत्री



वाराणसी। काशी में दुनिया के सबसे बड़े नमो घाट का लोकार्पण करने के बाद उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दीपक जलाकर विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली का शुभारंभ किया। उप राष्ट्रपति के दीप प्रज्जवलित करते ही काशी के 85 गंगा घाट दीपों से जगमग हो उठे। दीप मल्लिकाओं की स्वर्णिम आभा से काशी के अर्द्धचंद्राकार गंगा घाटों का सौंदर्य इस कदर निखरा मानों देवलोक सा नजारा धरती पर उतर आया हो। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार गंगा घाटों पर 17 लाखों दीये जलाए गए जो संख्या के अनुसार अब तक सबसे ज्यादा है। उप राष्ट्रपति ने क्रूज पर सवार होकर ग्रीन आतिशबाजी और गंगा घाटों की सजावट को भी निहारा। इसके बाद क्रूज से गंगा की सैर करते हुए उप राष्ट्रपति दशाश्वमेध घाट के सामने पहुंचे और क्रूज से ही विशेष गंगा आरती देखी। उप राष्ट्रपति ने इसके बाद क्रूज से ही चेत सिंह किला पर लेजर शो भी देखा। इस दौरान उप्र की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय शहरी विकास एवं पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे।

शुक्रवार को शाम नमो घाट पर सपत्नीक पहुंचे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नमो घाट का लोकार्पण करने के बाद लोगो का संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरा मन पूरी तरह अभिभूत है। दुनिया के सबसे बड़े नमो घाट का लोकार्पण करना जीवन का अविस्मरणीय पल है। काशी मोक्ष की नगरी है और यहां की परंपराएं अनवरत रूप से प्रज्ज्वलित रहती हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि उद्घाटन दिवस का संयोग बेहद खास है। आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही सिख धर्म के प्रथम गुरू श्री गुरुनानक देव का 555वां प्रकाश पर्व है, वहीं बिरसा मुंडा की जयंती भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व योगी आदित्यनाथ की तपस्या से उप्र में हो रहे विकास कार्य से दुनिया अचंभित है।

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी के विकास और विरासत को विश्व स्तर पर एक नई पहचान मिली है। काशी सर्वांगीण विकास का मॉडल बनी है। काशीवासियों ने बदलते भारत के साथ काशी के नये कलेवर का अनुभव किया है। काशी को विकास और विरासत के संगम के रूप में एक नई वैश्विक पहचान मिली है, जिसका काशीवासियों ने अपनी आंखों से साक्षात्कार किया है। यहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिली है और अनेक कार्य संपन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से काशी की पहचान अब उसके स्वच्छ और सुंदर घाटों, विश्वनाथ धाम, चौड़ी फोर लेन और सिक्स लेन सड़कों, उत्कृष्ट ट्रेन कनेक्टिविटी और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसी तमाम परियोजनाओं से होती है।



**भव्यता बरकरार**

**क्रूज पर सवार होकर उप राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री ने निहारी काशी के घाटों की सजावट, दुनिया के सबसे बड़े घाट का उप राष्ट्रपति ने किया लोकार्पण**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज देव दीपावली के साथ ही गुरुनानक जी का 555वां जयंती प्रकाश पर्व भी है। नमो घाट पर बने हाथ का नमस्ते मुद्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह 350 टन स्टेनलेस स्टील और 50 टन अष्ट धातु से बनाया गया हैं। नमो घाट को माडल के रूप में विकसित किया गया है।

## प्रधानमंत्री के विमान में तकनीकी खराबी

देवघर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान में शुक्रवार को तकनीकी खराबी आने के कारण विमान को देवघर हवाई अड्डे पर रोकना पड़ा। इस घटना के कारण प्रधानमंत्री की दिल्ली वापसी में कुछ समय की देरी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान शुक्रवार 15 नवंबर को तकनीकी खराबी के चलते देवघर एयरपोर्ट पर रुका रहा। इस कारण एयर ट्रैफिक पर भी असर पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमुई के चाकई में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद देवघर लौट रहे थे, लेकिन तकनीकी समस्याओं के चलते विमान उड़ान नहीं भर सका। इससे एयर ट्रैफिक पर भी असर, अन्य उड़ाने भी इससे प्रभावित हुई। यहां प्रधानमंत्री मोदी की दिल्ली वापसी पर भी विलंब हुआ।

# यूपी पीसीएस प्री परीक्षा 22 दिसंबर को

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीपीसीएस) ने प्रोविंशियल सिविल सर्विस (पीसीएस) की प्रारंभिक परीक्षा की नई तिथि की घोषणा कर दी। यह परीक्षा अब 22 दिसंबर, 2024 को एक ही दिन होगी। आयोग ने फिलहाल समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की परीक्षा टाल दी है। इसकी तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। गुरुवार को 4 दिनों तक 20 हजार छात्रों के प्रदर्शन के बाद आयोग ने पीसीएस-प्री और आरओ/एआरओ एग्जाम को टाल दिया था। पीसीएस-प्री परीक्षा पहले 7-8 दिसंबर को और आरओ/एआरओ की परीक्षा 22-23 दिसंबर को होनी थी।शुक्रवार दोपहर को अयोग ने विज्ञिप्त के जरिये बताया कि पीसीएस-प्री की परीक्षा 22 दिसंबर को दो शिफ्ट में कराई जाएगी। दोनों शिफ्ट में एक ही छात्र शामिल होंगे। पहली शिफ्ट सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक, जबकि दूसरी शिफ्ट 2.30 से 4.30 तक होगी। इधर, आज 5वें दिन शुक्रवार को भी छात्र आयोग के गेट पर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र आरओ/एआरओ एग्जाम भी एक दिन में कराने की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को भी आरओ, एआरओ के परीक्षा के प्रतियोगी छात्रों ने ढोल बजाकर विरोध-प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि दोनों परीक्षाएं एक ही दिन कराई जाए। यूपीपीएससी ने कहा, आरओ, एआरओ की परीक्षा-2023 के लिए आयोग एक कमेटी बनाएगा। कमेटी सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी। हालांकि, आयोग ने यह साफ नहीं किया कि वह कब तक कमेटी बनाएगा और कब वह रिपोर्ट देगी?

# नाबालिग पत्नी से सहमति के बाद भी संबंध बनाना दुष्कर्म



मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध को रेप माना जाएगा। व्यक्ति के खिलाफ रेप का मामला भी दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने नाबालिग पत्नी के साथ रेप के आरोपी एक व्यक्ति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा। अपीलकर्ता को 2019 में ट्रायल कोर्ट ने पास्को एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। जस्टिस गोविंद सनप की बेंच में सुनवाई के दौरान दोषी का तर्क था कि पीड़ित के साथ यौन संबंध सहमति से बनाए थे। उस समय वह उसकी पत्नी थी। ऐसे में इसे रेप नहीं कहा जा सकता। लाइव लॉ के मुताबिक, 12 नवंबर को जारी आदेश में जस्टिस सनप ने कहा, निर्धारित कानून के मद्देनजर यह बात स्वीकार नहीं की जा सकती कि अपीलकर्ता का पीड़ित पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाना रेप या सेक्शुअल वॉयलेंस नहीं माना जाएगा। यह बताना जरूरी है कि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करना रेप है, फिर चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं।

# हाईवे पर हादसा, तीन की मौत



लखनऊ। अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में मेदांता अस्पताल के लैब टेक्नीशियन और दो युवतियों सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए। सड़क हादसा तब हुआ जबकि श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लखनऊ से अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया, वाहनों को हटाया गया और करीब एक घंटे बाद ही जाम खुल सका।

सड़क दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 पर शुक्रवार सुबह पांच बजे के करीब भेलसर चौकी के पास नवीन मंडी कुढासादात में हुआ। तेज रफ्तार से अयोध्या की ओर मुड़ रहे एक ट्रक से एक ट्रैवलर की टक्कर हो गई। इस ट्रैवलर में 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है और उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के दौरान एक कार भी ट्रक और ट्रैवलर से टकरा गई, जिसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष सिंह के अनुसार, कार में चार युवतियां सहित पांच लोग सवार थे, जो सभी मेदांता अस्पताल में कार्यरत थे। मृतकों की पहचान लैब टेक्नीशियन डॉ. मोहम्मद हुसैन, रचना, और उपासना सिंह के रूप में हुई है। कार में सवार अन्य दो, नीतू और स्नेहा, गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

ट्रैवलर में सवार घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी यात्रा के लिए रवाना किया गया। दुर्घटना के कारण हाईवे पर भीषण जाम लग गया, जिसे प्रशासन ने क्रेन की सहायता से वाहनों को हटाकर करीब एक घंटे बाद खुलवाया।










# ड्यूटी से गायब डॉक्टर बर्खास्त

## डिप्टी सीएम ने कहा- लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



लखनऊ। बगैर सूचना दिए, ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत आठ चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यह निर्देश प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बलदेव (मथुरा) में तैनात जनरल फिजीशियन डॉ. अनीता, जिला संयुक्त चिकित्सालय, वृंदावन (मथुरा) में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फरह (मथुरा) में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राधिका पाराशर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नमैनी (कासगंज) में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार, बाराबंकी में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. एम ताहिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रटौल (बागपत) में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार, लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ में तैनात जनरल सर्जन डॉ. आशीष कुमार सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पयागपुर (बहराइच) में तैनात दंत शल्यक डॉ. पूनम पाल की बर्खास्तगी के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुण्डेर (अम्बेडकर नगर) में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार सिंह को भी निलंबित कर दिया गया है। अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने, उच्च स्तर रपर भ्रमित सूचना देने एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन न करने पर सीएमओ उन्नाव डॉ. सत्यप्रकाश एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सफीपुर (उन्नाव) के अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

# राजस्थान हाइकोर्ट : भंगी, नीच, भिखारी... ये जातिसूचक शब्द नहीं

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ एससी व एसटी अधिनियम के तहत लगाए गए आरोपों को हटा दिया है। जोधपुर बेंच ने कहा कि भंगी, नीच, भिखारी, और मंगनी जैसे शब्द जातिसूचक नहीं हैं और इन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए आरोपियों ने किसी की जाति को लक्षित नहीं किया था। कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि कोई भी सबूत नहीं था जो यह साबित करता हो कि आरोपियों को अपनी टिप्पणियों में उनके खिलाफ बयान देने वाले लोक सेवकों की जाति के बारे में जानकारी थी। यह मामला तब सामने आया जब अतिक्रमण हटाने गई टीम के खिलाफ कुछ युवकों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन का माप गलत किया गया है और इस पर गालियां दी गईं। इन गालियों में आरोपियों ने भंगी और नीच जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, आरोपियों ने कोर्ट में तर्क दिया कि उनका उद्देश्य इन शब्दों से उनको अपमानित करना नहीं था, बल्कियह शब्द जमीन के गलत माप के खिलाफ नाराजगी के तौर पर इस्तेमाल किए गए थे। जांच में पुलिस ने पाया कि आरोप सही नहीं थे और न ही कोई स्वतंत्र गवाह था जो आरोपों का समर्थन कर सके। इसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले में कहा कि आरोपियों का इरादा लोक सेवकों को अपमानित करना नहीं था, बल्कि उनकी प्रतिक्रिया गलत माप की प्रक्रिया के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट के रमेश चंद्र वैश्य बनाम यूपी राज्य मामले का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में भी आरोपियों और आरोपित लोक सेवकों के अलावा कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था।

# भारतरत्न पं. मदनमोहन मालवीय के पौत्र थे गिरिधर

## बीएचयू के चांसलर गिरिधर मालवीय नहीं रहे, गंगा सफाई में था अहम योगदान, शोक में पीएम

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चांसलर जस्टिस (रिटायर्ड) गिरिधर मालवीय नहीं रहे। उन्होंने 94 साल की आयु में अंतिम सांस ली। वो पिछले काफी वक्त से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।

पीएम मोदी ने उन्हें याद करते हुए कहा कि गंगा सफाई अभियान में गिरिधर मालवीयजी के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मुझे कई बार उनसे निजी तौर पर मिलने का सौभाग्य मिला।

गिरिधर मालवीय, भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के प्रपौत्र थे. गिरिधर का जन्म 14 नवंबर 1936 को हुआ था. अपने जीवनकाल में उन्होंने अनेक



काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चांसलर जस्टिस (रिटायर्ड) गिरिधर मालवीय।

सराहनीय कार्य किए थे। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में वह वाराणसी से पीएम मोदी के प्रस्तावक भी रहे थे।

उनके निधन की सूचना मिलने पर पीएम मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के प्रपौत्र गिरिधर मालवीय जी के निधन से मुझे अत्यंत दुख हुआ है. उनका जाना शिक्षा जगत के साथ-साथ पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। गंगा सफाई अभियान में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। न्यायिक सेवा में अपने कार्यों से भी उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई थी।

उन्होंने आगे लिखा, मुझे कई बार उनसे निजी तौर पर मिलने का सौभाग्य मिला। 2014 और 2019 में वाराणसी के मेरे संसदीय क्षेत्र से वे प्रस्तावक रहे थे, जो मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगा. शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे। ओम शांति।

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी गिरिधर मालवीय के निधन पर शोक जताया. उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, रिटायर्ड न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय जी का निधन। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। गिरिधर मालवीय जी भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के परिवार से थे। वे समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्रभक्ति के प्रति पूरी तरह समर्पित थे।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, कि न्यायमूर्ति के रूप में गिरिधर मालवीय ने न्याय के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी। वे 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक भी रहे। उनका पूरा जीवन विद्वता, राष्ट्रसेवा और समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके निधन से देश ने एक ऐसा महान राष्ट्रभक्त और समाजसेवी खो दिया है, जो शिक्षा और सेवा के मूल्यों का प्रतीक थे।

# मूर्ति विसर्जन में दो बहनों की डूबने से मौत

## देव दीपावली के दिन हुए हादसे से परिजनों में मचा कोहराम, गोताखोरों ने एक को बचाया, गंभीर

शौर्य न्यूज इंडिया



चंदौली। सदर कोतवाली क्षेत्र के जसुरी गांव में शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान व मूर्ति विसर्जन करने गई दो बहनों की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। देव दीपावली की अलसुबह हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताते हैं कि जसुरी गांव निवासी बाबूलाल पासवान व संजय पासवान दोनों सगे भाई है। दोनों की पुत्रियां बबिता उर्फ खुशबु 22 वर्ष व खुशी पासवान 14 वर्ष अपने घर पर कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने व कुछ दिन पहले तुलसी पूजा के दौरान उसके पास रखे मूर्ति को पोखरे में विसर्जित करने गांव के पोखरे में गई थी। इसी दौरान बबिता का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी मे चली गई। जिसको बचाने पहुंची खुशी भी उसके साथ पोखरे में डूब गई। यह देख साथ में गई छोटी बच्ची ने भागकर घटना की जानकारी परिजनों को दी, लेकिन जब तब परिजन पहुँचे दोनों चेचेरी बहनें डूब चुकी थी। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर ग्रामीणों की सहायता से दोनों के शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर आसपास के इलाके लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सिपुर्द कर दिया। इस बाबत सदर सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा की मूर्ति विसर्जन करने गई। दो बहनों की पोखरे ने डूबने से मौत हो गई है। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**मौत से जसुरी गांव में छाया मातम : चंदौली।** क्षेत्र के जसुरी गांव में दो बहनों की मौत से जहा परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। बबिता व खुशी की रो-रो कर बेसुध हो जा रही है। बबिता के पिता बाबूलाल पासवान मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। जो बबिता के मौत से सदमे में है। बबिता अपने पीछे दो भाई व एक बहन को पीछे छोड़ गई। परिवार के ही खुशी के पिता सीआरपीएफ में तैनात हैं। दो भाइयों में अकेली खुशी के मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।दोनों की माँ बस अपने बेटियों का घर आने का इंतेजार कर रही है।

## प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं का सम्मान

डीडीयू नगर। छत्रधारी पीजी कालेज दयालपुर सदलपुरा में बाल दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डा. अरुण सिंह एवं प्राचार्य डा. महीप श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महिप कुमार श्रीवस्तव ने बाल दिवस मनाने का कारण बताने के साथ-साथ चाचा नेहरू को याद करते हुए उनके कृतियो को पढ़ने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रबन्धक डा. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों इस विशेष दिन पर आइए हम सभी अपने बच्चों की मासूमियत और पवित्रता का जश्न मनाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक डा. अरुण कुमार सिंह, उप-प्रबन्धक अतुल सिंह, प्राचार्य डा. महीप कुमार श्रीवास्तव के साथ महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।



## कीनाराम मठ में मनी देव दीपावली

चहनियां। कार्तिक पूर्णिमा के दिन का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन देवता स्वर्ग लोक से उतरकर पृथ्वी पर आते हैं। आस्थावान लोग दीप जलाकर देवताओं की पूजा करते हैं। इसलिए इस दिन को देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व दिवाली के 15 दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। नगर में इस दिन गंगा स्नान, हवन, पूजन और दीपदान का कार्यक्रम किया जाता है। उसी क्रम में अघोर पीठ के पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम रामजी के निर्देशन में बाबा कीनाराम मठ रामगढ़ में देव दीपावली महोत्सव मनाया गया। मठ के व्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह व पंकज पांडेय की देखरेख में ग्यारह हजार मिट्टी के दिए जलाए गए। इस दिन मठ को रौशनी से दुल्हन की तरह सजाया जाता है,और बाबा कीनाराम इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगोली भी बनाई जाती हैं। देव दीपावली पर सूर्यास्त के समय शंखनाद के बाद महाआरती शुरू हुई,आरती के बाद ग्यारह हजार दिए जलाए गए,हर जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइटों से आकर्षक सजावट की गई थी। इसके अलावा शानदार आतिशबाजी का नजारा भी दिखा। इस अवसर पर सूर्यनाथ सिंह, अरुण सिंह, धनंजय सिंह, प्रभुनारायण सिंह, आनंद तिवारी सोनू, अमृत प्रकाश सिंह अन्नू, पंकज पांडेय, सीताराम यादव, रमाकांत यादव, देवदत्त पांडेय, अभय यादव पीके, मुकेश साहनी, अशोक कुशवाहा, रामकृपाल सिंह, सुनील विश्वकर्मा तथा समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

चंदौली। भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 149वी जयंती मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि भारत के समृद्ध इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा के नाम एक ऐसे वीर योद्धा और समाज सुधारक के रूप में अंकित है जिन्होंने अपने जीवन को जनजाति समाज की उन्नति और उनके अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। कहा कि 15 नवंबर को उनकी जयंती पर भारत में राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल उनकी शहादत और योगदान को याद करने का है, बल्कि यह जनजाति समुदाय की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत अनवरत संघर्ष व स्वाभिमान का उत्सव है। बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणा का स्रोत है जो हमेशा संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संदेश देता है। इस दौरान जैनेंद्र कुमार, शिवराज सिंह, राकेश मिश्रा, राम सुंदर चौहान, सुरेश मौर्या, सुनील श्रीवास्तव आदि रहे।

# बलुआ घाट पर लगाई डुबकी



चहनियां। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर शुक्रवार को गंगा स्नान के लिए लोगों का भारी भीड़ उमड़ पड़ा। दूरदराज से भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गंगा के आंचल में आस्था की डुबकी लगायी। वहीं मंदिरों में पूजा अर्चना कर भिक्षुओं को दान दक्षिणा दिया। भीड़ को देखते हुए बलुआ इंस्पेक्टर डा.आशीष कुमार मिश्रा मय फोर्स घाट पर मौजूद रहे। गंगा सेवा समिति के के सेवक लोगों की सहायता करते रहे। सनातन धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का बहुत महत्व है। इसी दिन देव दीपावली मनाई जाती है। आज के दिन गंगा में स्नान दान और भगवान विष्णु मां लक्ष्मी विशेष पूजा की जाती है। इससे सुख और सौभाग्य कि प्राप्ति होती है। इन सभी परम्पराओं का निर्वहन करते हुए बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं मां भागीरथी गंगा तट पर भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। स्नान का सिलसिला भोर से ही शुरू हो गया। भीड़ को देखते हुए सभी छोटे बड़े वाहनों को बलुआ पुलिस ने बाल्मीकि इंटर कालेज के खेल मैदान में पार्किंग करा दिया। बलुआ बाजार से लेकर घाट तक फोर्स तैनात रही।

**गुरु नानक देव का धूमधाम से मनाया गया प्रकाश पर्व : डीडीयू नगर।** सिखों के पहले गुरु व सिक्ख धर्म के संस्थापक साहब श्री गुरु नानक देव जी महाराज जी का 555 वां प्रकाश पर स्थानीय सिख समाज व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बड़े ही श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान न्यूजीलैन्ड से आए रागी जत्था भाई संदीप सिंह रैन एवं हजूरी रागी जत्था भाई जयपाल सिंह ने अपने शब्द कीर्तन से संगतो को निहाल किया। वहीं ज्ञानी जी भाई अमरजीत सिंह व प्रभजोत सिंह द्वारा अपनी कथा से लोगों को निहाल किया।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पिछले कई दिनों से प्रभातफेरी निकली जा रही थी इसके समापन के बाद निशान साहब की सेवा के साथ ही प्रकाश पर्व मनाया गया। शुक्रवार की दोपहर दो बजे से देर शाम तक लंगर प्रसाद वितरित होता रहा। कार्यक्रम में सिक्ख समाज के अलावा अन्य कई समाज के लोगों ने माथा टेका। इस दौरान प्रधान रंजीत सिंह सम्मी, जनरल सेक्रेटरी सरदार महेंद्र सिंह, रणजीत सिंह,गुरु दयाल सिंह, अमरीक सिंह,मंजीत सिंह, राजेंद्र सिंह,सतपाल सिंह सुरी, नरेन्द्र पाल सिंह ऐंड, रघुवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह लवली, गुलशन अरोड़ा, काके सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार...

### जननायक बिरसा मुंडा की मनी जयंती

नौगढ़। आदिवासी जननायक महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का जन्म दिवस ब्लाक सभागार व नोनवट गांव में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर विस्तार प्रकाश डाला। वहीं जन्मदिवस के अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने बताया कि बिरसा मुंडा ने सामंती व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करके अंग्रेजी हुकूमत व जमींदारी प्रथा के खिलाफ बड़ी लडाई लड़ा था। जिन्होंने उलगुलान नाम से शुरू किए गए जन आंदोलन में जल जंगल की रक्षा के लिए आदिवासी समुदाय को प्रेरित किया था। विशिष्ट अतिथि सुजीत कुमार उर्फ सूड्डू सिंह ने बताया कि महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को आंदोलन की सक्रियता पर पृथ्वी का पिता कहकर समुदाय के लोग संबोधित करते थे। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश मिशनरियों और उनकी धर्मांतरण गतिविधियों के खिलाफ धार्मिक आंदोलन करके मुंडा व ओरांव आदिवासी समुदाय के लोगों की मदद किया था। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार, भगवानदास, रामनाथ कनौजिया मौजूद रहे।

### पुलिस ने चौबीस घंटे में ढूंढ निकाला चोरी हुआ ट्रैक्टर

शहाबगंज। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को ट्रैक्टर चोरी के 24 घण्टे के अंदर ही मामले का खुलासा करते हुए चोरी में शामिल अभियुक्त को गिरफ़्तार कर पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। विदित हो किस्थानीय थाना क्षेत्र के सोबन्था मौजा स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ी आयशर ट्रैक्टर यूपी 67 वाई 7488 को वुधवार को रात्रि में चोरों ने ट्राली सहित चुरा लिया था। ट्रैक्टर स्वामी द्वारा गुरुवार को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस को 24 घण्टे के अंदर ही सफलता मिल गयी। पुलिस ने शुक्रवार को बड़ौरा गाँव के पास वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की ट्रैक्टर को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ़्तार कर लिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि यह ट्रैक्टर किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पम्प सोबन्था से बुधवार को रात्रि में चुराया था तेज गति से ट्रैक्टर लेकर भागते समय ट्रैक्टर की ट्राली का हुक टूट गया। ट्राली को अतायस्तगंज गाँव के सामने छोड़कर ट्रैक्टर लेकर भाग गया। शुक्रवार को चोरी किए गए ट्रैक्टर को बिहार बेचने हेतु ले जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त शहाबगंज थाना क्षेत्र के सिंगरौल गाँव का निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाले टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग, एसआई संतोष कुमार, एसआई रामचन्द्र शाही, मुख्य आरक्षी सुरेश कुमार सिंह प्रथम, मनीष यादव, सर्वजीत यादव शामिल थे।

### पुलिस के हाथ लगा क्षतिग्रस्त डमी

नौगढ़। थाना क्षेत्र के डुमरिया मोड़ के समीप अमदहां-चरनपुर मार्ग पर पुल के नीचे बोरी में शव की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर आसपास के इलाके के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बोरे को खोलकर देखा तो वे भी अवाक रह गए। क्योंकि उस संदिग्ध बोरे में किसी व्यक्ति का शव होने की बजाय उसमें प्लास्टिक की क्षतिग्रस्त डमी पुलिस के हाथ लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक किसी व्यापारी ने कुछ कपड़े व दुकान के बाहर लगाने वाला स्टेच्यू खराब होने पर एक बोरे में भरकर अमदहां-चरनपुर मार्ग पर पुल के नीचे फेंक दिया था। शाम में उक्त मार्ग से गुजर रहे लोगों ने देखा तो किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बोरे में लाश हो की आशंका व्यक्त की और शोर मचाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई और पूरे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से बोरे को पुल से बाहर निकाला और उसको खोलकर देखा और बोरे के अंदर कुछ कपड़े व एक दुकान के बाहर लगाने वाला स्टेच्यू मिला।

### गंगा नहाने गई बालिका की डूबने से मौत

डीडीयू नगर। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर क्षेत्र के कैली गंगा घाट पर स्नान के दौरान चार लड़िकयां गहरे पानी में डूबने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने तीन लड़कियों को तो बचा लिया। एक बालिका की डूबने से मौत हो गई। उसके शव की तलाश गोताखोरों द्वारा जारी है। बालिका के गंगा में डूबने से हड़कंप मच गया। बताते हैं कि मटकुट्टा गांव निवासी संजय चौहान की आठ वर्षीय पुत्री सरस्वती अपने परिवार के साथ कैली गंगा घाट पर स्नान करने गयी थी। गंगा में डूबने से उसकी मौत हो गई। गोताखोरों की टीम उसके शव की तलाश में जुटी है।देर शाम तक शव बरामद नहीं हो सका।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में श्रेया ने जीता कांस्य पदक

डीडीयू नगर। ताइक्वांडो 68वीं नेशनल चैंपियनशिप में श्रेया गुप्ता कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ साथ जिले मे खुशी का माहोल है। यह प्रतियोगिता 12 नवम्बर तक मध्यप्रदेश के विदिशा मे आयोजित हुई। पदक जीतकर लौटे श्रेया का एस ताइक्वांडो एकेडमी के कोच सतीश कुमार व खिलाड़ी ने भब्य स्वागत किया। अंडर-17 में श्रेया अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुवे कांस्य पदक प्राप्त किया। सिस्टर सिला ने कहा कि श्रेया स्कूल के साथ साथ जिले और ऐकेडमी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। इस आसय कि जानकारी ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सतीश कुमार ने दी।

### कोतवाल ने नगर क्षेत्रों का किया भ्रमण

डीडीयू नगर। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह व यातायात प्रभारी सुरेंद्र यादव कस्बा चौकी प्रभारी अमित सिंह ने पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निदेर्शानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व अपर पुलिस अधीक्षक सदर के मार्गदर्शन में व समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद चन्दौली के समस्त थानों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन के स्टैंड, सराफा बाजारों, गल्ला मण्डी, शराब के दुकानों के आस-पास गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आम जनमानस से वार्ता कर उन्हें चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था का एहसास कराया। अपील की किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु के दिखाई देने पर तत्काल थाना स्थानीय या डॉयल 112 पर सूचना दें।

### नौगढ़ पुलिस ने 126 मवेशियों को किया बरामद



नौगढ़। थाना पुलिस ने गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना पर चन्द्रप्रभा जंगल में दबिश देकर के 126 पशुओं को बरामद किया है। पुलिस कार्रवाई को देखकर पशु तस्कर अंधेरे का लाभ उठा कर जंगल के रास्ते भाग गया। थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को रात्रि में मुखबिर की सूचना पर चन्द्रप्रभा वाच टावर के समीप पुलिस चौकी इंचार्ज चन्द्रप्रभा मनोज कुमार तिवारी व पुलिस चौकी इंचार्ज अमदहां अनंत भार्गव के नेतृत्व में गठित पुलिस की टीम ने दबिश देकर के 126 राशि पशुओं को बरामद किया है। बरामद पशुओं को पैदल के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस कार्रवाई को देखकर पशु तस्कर अंधेरे का लाभ उठा कर जंगल के रास्ते भाग गये।

# खनन पर पोकलेन सहित तीन डंफर जब्त




सकलडीहा। जिलाधिकारी के निर्देश लगातार तहसील प्रशासन की ओर से अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में शनिवार की देर रात गुरैरा गांव के समीप खेत से मिट्टी की अवैध खनन की सूचना पर एसडीएम अनुपम मिश्रा के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने छापेमारी किया। इस दौरान तीन डंफर सहित एक पोकलेन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई से खनन कारोबारियों में खलबली मची हुई है। अवैध रूप से मिट्टी की खनन को लेकर एसडीएम अनुपम मिश्रा के निर्देश पर अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में बीते कई दिनों से गुरेरा के समीप पोकलेन से मिट्टी की अवैध खनन खेत से किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेन्द्र यादव राजस्व टीम व खनन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान तीन डंफर सहित एक पोकलेन को जब्त करते हुए बलुआ पुलिस के हवाले कर दिया गया। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम कार्रवाई में जुट गयी है। बलुआ एसओ डा.आशीष मिश्रा ने बताया कि तहसील प्रशासन,खनन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पकड़ी गयी वाहन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई जा रही है। इस बाबत एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि अवैध खनन करने वालो के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। आगे भी सतर्क दृष्टि रखी जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेन्द्र यादव, खनन अधिकारी सहित राजस्व टीम में पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

मंदिर में चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के नईबाजार पुलिस चौकी अन्र्तगत पौनी गांव में गुरूवार की देर रात चोरों ने काली माता मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटिका सहित मांता के श्रृंगार में लगाया गया सोने चांदी के आभूषण लेकर चंपत होगये। सुबह पूजा करने गये लोगों ने मंदिर की हालत देख पुलिस को सूचना दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी चोरी की घटना के बाद भी पुलिस प्रशासन मौन है। चोरों की गिरफ्तारी की मांग किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना को लेकर जांच में जुट गयी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आये दिन चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश है। तीसरी बार काली माता मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दान पेटिका,सोने की आंख, नथिया, मंटिका और चांदी की मुकुट चोरी होगयी है। पूर्व में भी चोरों ने मंदिर से चोरी किया था। जिसके बाद ग्राम प्रधान की ओर से पुनरू ग्रामीणों की सहयोग से चांदी की मुकुट सहित अन्य आभूषण से माता का श्रृंगार किया गया था। गांव के वलिस्टर, दिनेश राय, विपिन राय आदि ने चोरी की घटना पर लगाम लगाने की मांग करते हुए चोरी की घटना का खुलासा की मांग किया है।

## कोइलरवा हनुमान मंदिर पर दर्शन को उमड़े भक्त

नौगढ़। पहाड़ियों के बीच आसीन चिरप्रसिद्ध दक्षिणमुखी कोइलरवा हनुमान परिसर में आयोजित पांच दिवसीय कार्तिक मेला का समापन शुक्रवार को हुआ। जहां पर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल सहित बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से करीब बीस हजार की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम चन्द्र के अनन्य भक्त हनुमान जी का दर्शन पूजन करके सुखी जनजीवन की कामना किया। मंदिर परिसर में अनेकों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण भी किया। जय श्री राम व बजरंग बली के जयकारों के उद्घोष से वन क्षेत्र भक्ति मय हो गया था। आमचुआं दरी व मंदिर परिसर के बाहर में सैकड़ों स्थानों पर भोजन बना कर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया गया।

पेयजल का समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं होने से पानी के लिए लोगों को बहुत काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंदिर परिसर में स्थापित समसेर्बुल पंप से सुरक्षा बल के जवानों की निगरानी में लोगों को लाईन लगवाकर के पानी उपलब्ध कराया गया। वहीं पेयजल के लिए आमचुआं दरी में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत पर भी पानी लेने के लिए काफी भीड़ रही। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने मेला के अवसर पर 07 टैंकर पानी उपलब्ध कराने का निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिया था। जिसपर विकास विभाग की ओर से कोई भी पहल नहीं किया गया। नगर पंचायत चकिया से एक टैंकर पानी की सुविधा मुहैया कराई गई थी। मंदिर परिसर के बाहर कई दिनों से एक खाली टैंकर रखा गया था।

मेला में फूल माला प्रसाद चाट पकौड़ी गुड़ से बनी जलेबी खेल खिलौने के सामानों ईत्यादि दुकानों पर काफी भीड़ लगी रही। मंदिर के महंत श्री राम दास त्यागी ने बताया कि परंपरागत 5 दिवसीय कार्तिक मेला में पहली बार टैंकरों से पेयजल की सुविधा ग्राम पंचायत या समाजसेवियों की ओर से उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे पेयजल के लिए श्रद्धालु काफी परेशान हुए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर, सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा, थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस चौकी इंचार्ज चन्द्रप्रभा मनोज कुमार तिवारी मौजूद रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा का मनाया गया 150 वी जयंती

चहनियां। स्थानीय खंड विकास कार्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान जॉइंट बीडीओ ओम प्रकाश व क्षेत्र पंचायत सदस्य रविकांत चौहान ने भगवान बिरसा मुंडा जी का दीपक जलाकर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर जॉइंट बीडीओ ओम प्रकाश ने कहा कि शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में विवेक, ज्ञान, समझ और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा मानवीय सम्पदा को वृद्धि देती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा, मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है। आज के युग में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है और शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सौरभ कुशवाहा ने कहा कि जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित भारत सरकार द्वारा चली आ रही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का जनजातीय कल्याण विजन के मिशन तक 26 राज्य और 4 केंद्र शासित प्रदेश, एक करोड़ परिवार, 5 करोड़ जनजातीय जनसंख्या, 19156 करोड़ आवंटित, 17 मंत्रालय के साथ अभिसरण, 25 बुनियादी सुविधाएं सरकार द्वारा स्वीकृत है। इस बीच जिला समाज कल्याण अधिकारी सर्वेश कुशवाहा द्वारा वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र वृद्ध लोगों को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम की समापन परियोजना निदेशक बीबी सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान समाज कल्याण सहायक विकास अधिकारी सौरभ सिंह, कृषि सहायक विकास अधिकारी सुनील यादव, संतोष मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज यादव, बीएमएम आशीष गुप्ता, प्रधान पति धर्मेंद्र यादव, पंचायत सहायक अजय कुमार गुप्ता, संजय सिंह, अमित मौर्य, विमल कुमार, रविकांत चौहान, प्रवीण कुमार, विक्रम सिंह, शुभम पांडेय, लोकु, निब्बू, रामजी आदि लोग मौजूद रहे।

## स्टेशन पर गिरे यात्री को आरपीएफकर्मी ने बचाया

डीडीयू नगर। डीडीयू रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की देर शाम ट्रेन संख्या 15743 अप फरक्का एक्सप्रेस के प्रस्थान के क्रम में एक यात्री को प्लेटफार्म व ट्रेन के गैप में चलती हुई गाड़ी से गिरता हुआ देखकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के आरक्षी होरी प्रसाद ने फुर्ती दिखाते हुए दौड़कर प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच गैप में गिर रहे यात्री का न केवल जान ही बचाया, बल्कि सुरक्षित ट्रेन में अन्दर चढ़ा दिया। इस दौरान ट्रेन अपने अपने गंतव्य रवाना हुई। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि आरक्षी होरी प्रसाद जो अन्य बल सदस्यों के साथ छठ पर्व के बाद लौट रहे यात्रियों की भीड़ को सुरक्षित गाड़ियों में चढ़ाने व गाड़ियों के सुरक्षित प्रस्थान हेतु ड्यूटी में तैनात थे। इसी बीच फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म नंबर छह पर आकर रुकी। एक यात्री ट्रेन में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर जाने से आधा शरीर प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच गैप में व आधा शरीर ट्रेन में अन्दर गेट पर से नीचे लटककर घिसट रहा था।

# जिले में लाखों दीपों की लौ ने बिखेरी अलौकिक छटा



डीडीयू नगर। नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में देव दीपावली का पर्व शुक्रवार को उत्साह के साथ मनाया गया। गंगा घाट, सरोवर तट और मंदिरों पर लोगों ने दीपदान किया। एक साथ हजारों दीपों की लौ ने अलौकिक छटा बिखेरी। लौ की आभा को निहारने के लिए तटों पर लोग पहुंचे। इस मौके पर जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। वहीं लोगों ने आतिशबाजी भी की। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को देवों की दीपावली होती है।

देवताओं की दीपावली में दीप सजाने में कोई पीछे नहीं रहा। लोगों ने शुक्रवार की शाम तालाब, सरोवर और गंगा तट पर दीप मालिका सजाई और आतिशबाजी की। एक साथ हजारों दीपों की लौ ने स्वर्ग का नजारा धरती पर दिखाया। लोग इस अद्भुत पल को निहारने के लिए पहुंचे। नगर के मानसरोवर तालाब पर श्रीश्री सूर्यदेव मंदिर छठ पूजा सेवा न्यास की ओर से देव दीपावली का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने सरोवर तट की सफाई की। सूर्य अस्त होते ही नागरिकों का हुजूम सरोवर तट पर पहुंचने लगा। युवतियों ने सरोवर तट पर आकर्षक रंगोली सजाई और दीपदान किया। युवतियों ने सरोवर तट पर आकर्षक रंगोली सजाई। वहीं समिति के सदस्यों ने घाटों को दीपक से सजाया। इस दौरान पूरे तट को 21 हजार से अधिक दीप जलाए गए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता की देख रेख में समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। इसी तरह दामोदरदास पोखरा नई बस्ती, आरपीएफ कॉलोनी तालाब पर भी दीप मालिकाएं सजाई गई।

वहीं नगर के रविनगर काली मंदिर, कैलाशपुरी स्थित शिव मंदिर, आरपीएफ कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पर दीप भी सजाए गए। यहां 11 हजार दीपक जलाए गए। इसी तरह दामोदरदास पोखरे पर भी दीपदान किया गया। कैलाशपुरी स्थित शिव मंदिर पर संस्कार भारती की ओर से दीपदान किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी तरह रविनगर स्थित काली मंदिर, आरपीएफ कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, काली मंदिर के साथ मालगोदाम पोखरा, सट्टी स्थित हनुमान मंदिर पर भी दीप माला सजाई गई।



भृगु बाबा के जलाभिषेक को उमड़ा जनसैलाब, पूजन-अर्चन के बाद उठाया ददरी मेला का लुत्फ।

# भृगु दरबार में उमड़ा श्रद्धा का महाकुंभ

## बलिया में अडिग आस्था : श्रद्धालुओं के सैलाब से पटा गंगा का रेतीला मैदान

बलिया। न कोई निमंत्रण, न नाच-गाना, न किसी प्रकार का प्रलोभन-मनोरंजन और न ही किसी नेता-मंत्री का भाषण। दूर-दराज से आये स्नानार्थियों का बस एक ही लक्ष्य था, मां गंगा के पवित्र जल में सिर्फ एक डुबकी। स्नानार्थियों की अनुभूति को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल था। गंगा का रेतीला मैदान श्रद्धालुओं के सैलाब से पट चुका था। लोगों को नियंत्रित करने तथा उन्हें सही घाट तक पहुंचाने के लिए जगह-जगह पुलिस के जवान मुश्तैद तो थे, लेकिन आस्था का समंदर खुद ही मां गंगा से मिलन को बेताब दिखा। मां-बेटा, पति-पत्नी, सास-बहू को एक साथ घाट पर जाते देखना इस बात का सबूत दे रहा था कि हमारी परम्परा की जड़ें किस हद तक जमीन से जुड़ी हैं। युवाओं में ददरी मेला को लेकर जितना उत्साह था, उससे कहीं अधिक जोश गंगा स्नान को लेकर भी था। गंगा तट पर कहीं हुरूका-पंखाउज की धुन तो कहीं रामनाम का जाप। गंगा में पवित्र स्नान के बाद भीड़ महर्षि भृगु व उनके शिष्य दर्दर मुनि के दर्शन-पूजन को पहुंची। इसके साथ ही पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व वाला ददरी मेला प्रारम्भ हो गया।

**लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की**



**डुबकी : बलिया।** महर्षि भृगु की पावन धरती पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए शुक्रवार को तड़के भक्तों ने गंगा में डूबकी लगानी शुरु कर दी। श्रद्धालुओं का रेला महावीर घाट के रास्ते गंगा एवं तमसा के संगम तट पर आस्था की डूबकी लगायी।

इसके अलावा धरीक्षण दास की कुटी के रास्ते एवं नगवां के रास्ते भी श्रद्धालुओं का हूजुम गंगा तट पर पहुंचा और गंगा में स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भृगु मंदिर में मत्था टेका। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए एक दिन पहले गुरुवार से ही लोगों का जमघट शहर में लग गया था। बहुत से श्रद्धालु शाम को ही गंगा तट पहुंच गए थे। रात 12 बजे के बाद ही स्नान शुरु हो गया। यह स्नान शुक्रवार की शाम तक चलता रहा। शहर को भीड़-भाड़ से बचाने के लिए शहर के बाहर ही गाड़ियों को रोक दिया गया था। जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। पुलिस वाले लोगों की मदद कर रहे थे। दूर-दराज से आए लोगों को रास्ता दिखाने का काम स्वयंसेवी संस्थाएं कर रही थी।

# संदिग्ध : पेड़ से लटकता मिला किसान का शव



आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के धरनीपुर बिषया गांव में शुक्रवार की सुबह घर से लगभग 200 मीटर दूरी पर युवक का पेड़ से लटकते हुए शव मिलने से सनसनी मच गई। सूचना पर देखते ही देखते ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान गांव निवासी दिनेश यादव 32 वर्ष पुत्र स्व. कीरत यादव के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिनेश यादव गुरुवार की रात घर से लगभग 200 मीटर दूर अपने खेत में पानी चलाने गए थे।रात में लाइट कट जाने की वजह से पुनः घर आ गए और अपने परिजनों से बोले कि जब लाइट आएगी तब पानी चलाने जाएंगे। यह कहकर घर के पिछलेहिस्से में जाकर सो गए। सुबह जब परिजन सोकर जागे तो इधर-उधर खोजबीन करने लगे। उसके बाद घर से लगभग 200 मीटर दूरी पर परिजनों को पेड़ पर लटकता हुआ शव मिलने की जानकारी हुई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर गंभीरपुर पुलिस ने पहुंचकर पेड़ से शव को उतरवा कर पंचनामा बनवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और घर पर ही रहकर खेती-बाड़ी काम करता था। मृतक के एक पुत्र रियांश यादव उम्र 7 वर्ष हैं। पत्नी रेखा यादव व माता फूलमती देवी सहित परिवार का बुरा हाल हो गया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

दोहरीघाट, मऊ। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर दो हरियो की पावन भूमि दोहरीघाट में भोर से ही दूरदराज व आसपास क्षेत्रों से आये स्नानार्थियों का ताता रामघाट पर लगा रहा। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे स्नानार्थियों की भारी भीड़ घाटों पर उमड़ती रही। लोग आस्था के इस महापर्व पर धार्मिक नगरी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान कर दान पुण्य गोदान और मंदिरों में पूजन अर्चन कर कढ़ाई चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगी। कस्बे के रामघाट लक्ष्मण घाट व मातेश्वरी घाट के पास स्नानार्थियों ने स्न्नान कर मन्दिरो में पूजन अर्चन गौदान, गरीबो को दान किया तो वही देवी देवताओं माता सरयू को पूरी हलवा बना कर कढ़ाई चढ़ाई साथ ही सेहरा चढ़ाने को लेकर नाविकों व श्रद्धालुओं की भारी संख्या रही इस अवसर पर लोग अपनी मन्नते मांगते रहे।

आदि काल से कार्तिक पूर्णिमा के महा पर्व पर होने वाले ऐतिहासिक स्नान में विलुप्त हो रहे लोकनृत्यों की झलक देखने को मिली। जिसमे मृन्दगा, मयूरी, कहरहुवा, गोडउ आदि लोकनृत्यों को देख नर्तकियो को महिलाओ ने अपने बच्चो को उनके गोद मे देकर मन्नते मांगने व बच्चो के भविष्य की कामना करते हुये पुरानी परंपराओं को जीवंत किया। रामघाट पर मृदंग नृत्य करने वाले



जनपद मऊ के मुहम्मदाबाद के देवलास मन्दिर के गाँव से आने वाले राजकुमार गोड, पलकधारी, भुटेली, जितेंद्र,परमात्मा आदि व कहरहुवा नृत्य करने वाले बिलरियागंज जिला आजमगढ़ निवासी रामजीत, सम्भल, बलिहारी, मोहन डांसर आखीपुर के बलिराम, लाटघाट के गुड्डू वही महराजगंज के भूसा धोबी, बहादुर निवासी भातकोल रविन्द्र लल्लन प्रमोद हरिपरा निवासी अच्छेलाल ने बताया कि हर साल हम यहां कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने व अपने नृत्य तथा गीतों के माध्यम से माताओ व बच्चो की मंन्नते माँ सरयू से मांगते है। इन लोगो में लोकनृत्यों व कलाकारों के उत्थान को लेकर जनप्रतिनिधियों व शासन द्वारा कोई कोई सहायता न मिलने से मायूस दिखे।

स्नान व पूजन अर्चन करने के बाद लोगो ने कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले में जमकर खरीदारी की महिलाओं ने अपने गृहस्थी के सामानों, सौंदर्य प्रशाधन की खरीदारी की तो वही पुरुषों किसानों ने भी खेतीबाड़ी के सामानों की खरीदारी की। बच्चो ने मेले में लगे लजीज व्यंजनो का स्वाद लिया। मेले में कस्बे में लगे सभी दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही।

कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं का पूरा हुजूम एक दिन पूर्व से ही रामघाट पर हनुमान मंदिर के सैकड़ो महिलाएं माँ सरयू को कढ़ाई चढ़ाने व सेहरा चढ़ाने को होड़ लगी रही। पुरी हलवा बना कर मा सरयू की विधिवत पूजन आरती मंगल गीतों से करते हुए महिलाओं ने कढ़ाई चढ़ाई साथ ही सेहरा भी चढ़ाया गया।

**एसपी ने लिया जायजा, एसडीएम सीओ रामघाट पर डाले रहे डेरा :** कार्तिक पूर्णिमा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की तैयारियों के साथ साथ एसपी इलामारन जी द्वारा रामघाट में लगे मेला का जायजा/निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्नान घाटों का भ्रमण कर बैरिकेड़िंग, गोताखोरों तथा ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वही एसडीएम घोसी अभिषेक गोश्वामी व सीओ घोसी दिनेश दत्त मिश्रा रामघाट पर डेरा डाले रहे।

# सपा-बसपा-कांग्रेस पर गरजे सीएम

## बोले- सपा दुर्दांत और अपराधी की पार्टी बनकर रह गई है



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम योगी।

मीरजापुर। सीएम योगी ने एक हफ्ते में दूसरी बार अंबेडकर नगर और मीरजापुर में चुनावी रैली की। मझवां में कहा पहले यूपी की पहचान माफिया से होती थी, कर्फ्यू और दंगों से होती थी। आज हम लोग कह सकते हैं माफिया मुक्त यूपी, दंगा मुक्त यूपी, कर्फ्यू मुक्त यूपी। नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में है सब चंगा। यूपी में 4 बार सपा की सरकार रही। इन लोगों ने क्यों विकास नहीं किया। क्योंकि विकास इनके काम का हिस्सा नहीं था।

**सियासी तंज**

**सपा की सरकार में विकास कार्य किए गए कम**

बस परिवार का विकास होता था। सैफई परिवार का विकास हुआ या तो यूपी के बड़े-बड़े माफिया और गुंडों का विकास हुआ। कौन नहीं जानता भाजपा विधायक कृष्णानंद की हत्या करने वाला माफिया इस सपा सरकार के गले का हार था। कौन नहीं जानता राजू पाल की हत्या करने वाला माफिया सपा-बसपा के गले का हार था। कौन इनकी करतूतों को नहीं जानता है। सपा सरकार ने काम नहीं किए, सिर्फ कारनामे किए। मंच पर पहुंचे सीएम योगी का स्थानीय नेताओं ने स्वागत किया। सिटी ब्लाक के चंदईपुर में सीएम योगी ने कहा कि यूपी पुलिस में महिलाओं की भर्ती इसीलिए की गई है, जिससे जब गांव, शहर या फिर चौराहे पर कोई सपाई महिला पर गलत नजर डाले तो महिला पुलिस उनकी डेंटिंग-पेंटिंग का काम कर सके। आज आप नए भारत को देख रहे हैं। नए भारत में सीमाएं सुरक्षित हैं। युवाओं के उत्थान के लिए, किसानों की खुशहाली के लिए, बेटी और बहनों के स्वालंबन के लिए सरकार तेजी से काम करके नए भारत की परिकल्पना को साकार करने का काम कर रही है।

## एसडीएम के आदेश पर विवादित भूमि की पैमाइश

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के दारूपुर गांव निवासी सभाजीत वर्मा द्वारा एसडीएम न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया था कि उसकी जमीन को विपक्षी द्वारा कब्जा कर लिया गया है। एसडीएम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार, व हल्का लेखपाल आशीष कुमार कमलेश यादव की टीम ने शुक्रवार को विवादित भूमि की पैमाइश की। इस दौरान क्षेत्र में पुलिस बल भी तैनात रहा। नायब तहसीलदार द्वारा की गई पैमाइश में भूमि का सही सीमांकन किया गया और विवादित हिस्से को स्पष्ट किया गया। इसके आधार पर तहसीलदार ने विपक्षी पक्ष को एक सप्ताह के भीतर भूमि खाली करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर निर्देश का पालन नहीं किया गया, तो प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। यह भूमि कई वर्षों से विवादित थी, और इसे लेकर कई बार दोनों पक्षों के बीच झगड़े भी हो चुके हैं।

# हेमटेक्स्टिल 2025 से निर्यातकों को उम्मीद है

फारूक जाफरी



भदोही। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट स्थित मेसे फ्रैंकफर्ट प्रदर्शनी स्थल में आयोजित हेमटेक्स्टिल 2025, से निर्यातकों को उम्मीद है। 14 से 17 जनवरी 2025 को आयोजित मेले को लेकर नगर के प्रतिष्ठित कालीन निर्यातक व एकमा के पूर्व मानद सचिव हाजी शाहिद हुसैन ने कहा कि दुर्भाग्य है कि डोमोटेक्स स्थगित हो गया।अब होने वाले हेमटेक्स्टिल 2025 से कालीन उद्योग को लाभ की उम्मीद है।लेकिन असल लाभ कालीन उद्योग को तभी होगा जब सरकार से कालीन उद्योग को पूर्व की तरह मिलने वाले सहूलियत जैसे ड्राबैग, लाइसेंस, प्रोत्साहन राशि आदि बहाल हो। पूर्व मानद सचिव ने पुरे विश्वास के साथ कहा कि हमें विश्वास है कि कालीन उद्योग के बेहतरी व उज्जवल भविष्य को लेकर सरकार गम्भीर है चूकी कालीन उद्योग बीस लाख से अधिक लोगो को रोजगार उपलब्ध कराता है ऐसे में इस उद्योग के प्रगति के लिए सरकार को बढ़ चढ़ कर सहयोग करना चाहिए।

## संक्षेप समाचार...

### प्रबंधक सुरेंद्र यादव को मिली डॉक्टर की उपाधि

सादात। केदार फौजदार पीजी कॉलेज गुरैनी शादियाबाद प्रबंधक सुरेंद्र यादव को पीएचडी के बाद डॉक्टर की उपाधि मिली है। सुरेन्द्र यादव ने शिक्षा शास्त्र विषय से शोध कार्य पूर्ण किया है। सुरेंद्र यादव ने शिक्षण संस्थान स्थापित कर पिछड़े क्षेत्र में ज्ञान की जो ज्योति जलाई है। उसमें यह उपाधि चार चांद लगाएगी। यह शोध प्रबन्ध ज्ञान के क्षेत्र में एक नया द्वार खोलेगा। ३व्यक्तिगत एवं राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद का दार्शनिक एवं शैक्षिक विचारों का समीक्षात्मक अध्ययनश्च जैसे गम्भीर विषय पर डॉ. सोमेश नारायण सिंह जैसे विद्वान प्राध्यापक (वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय जौनपुर) के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण कर यह उपाधि हासिल किया है। डाक्टर की उपाधि मिलने पर सुरेंद्र यादव का गुरूवार की शाम को प्रबंध निदेशक उपेन्द्र कुमार यादव, प्राचार्य डॉ. जयराम सिंह यादव, उप प्राचार्य धर्मेंद्र राज, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. विजय प्रकाश, बाबूलाल यादव, अमित यादव, जितेंद्र राहुल, नागेंद्र प्रजापति, सुधीर यादव, योगेश यादव, मनोज राजभर, विंध्याचल यादव, अरविंद, दीपमाला विश्वकर्मा, पूनम यादव तथा छात्राओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### एसएस पब्लिक स्कूल में लगा बाल मेला

बिरनो। नेवादा ग्राम स्थित एस. एस. पब्लिक स्कूल में बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार मिश्रा ने चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। दीप प्रज्ज्वलन के बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य बी.डी. द्विवेदी ने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अमृता सिंह और




गीतांजली राय ने किया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर बाल मेला और विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। बाल मेले में बच्चों ने घर के बने व्यंजनों के स्टॉल लगाए और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने सोलर कुकर और ऑटोमेटिक इरिगेशन सिस्टम जैसे मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि ने बच्चों की रचनात्मकता और मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास में विद्यालय की अहम भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक रामप्रसाद गुप्ता ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सह निदेशक शैलेंद्र गुप्ता, प्रबंधक ममता गुप्ता, सह प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता, रवि प्रकाश मिश्रा, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### दहेज रहित विवाह कराएगी रामलीला समिति

सेवराई। स्थानीय तहसील के सेवराई गढ़ी ग्राम रामलीला समिति सेवराई द्वारा छह दिसंबर को दो जोड़ी दहेज रहित आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक रामलीला मैदान में आयोजित कर विवाह समारोह को सकुशल संपन्न कराने पर विचार किया गया। स्थानीय तहसील के अतिप्राचीनतम सेवराई गढ़ी ग्राम रामलीला समिति सेवराई अपनी घोषणा के अनुपालन में अगहन सदी शुक्ल पक्ष पंचमी 6 दिसंबर को श्रीराम-सीता विवाह के मौके पर ३धनुष यज्ञश्च रामलीला मंचन के साथ दो जोड़ी आदर्श विवाह का आयोजन कर रही है। जिसमें गांव के ही दो बेटियों का विवाह बिना दहेज का आदर्श विवाह पूरे वैदिक विधि विधान से रामलीला समिति द्वारा किया जायेगा । इस विवाह में शामिल होने के लिए निमंत्रण कार्ड भी पूरे गांव व क्षेत्र के गणमान्य लोगों को देकर आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इस बात की जानकारी समिति के सचिव सुमन्त सिंह सकरवार ने देते हुए सभी ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को इस आदर्श विवाह में शामिल होकर इस शुभ घड़ी का गवाह बनने के लिए अपील किया।


### आधा दर्जन रिहायशी झोपड़ियां जलकर खाक

रेवतीपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्यानपुर गाँव के जग्गीकापुरा में? शुक्रवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके कारण चार लोगों की आधा दर्जन रिहायशी झोपड़ियां समेत 250 धान का बोझ और उसमें रखा घर गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया।आग लगने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड इकट्ठा हो गई,लोगों ने निजी पंपसेट आदि के सहारे आग पर किसी तरह करीब एक घंटे बाद काबू पाया तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। इसकी सूचना लोगों ने राजस्व और पुलिस विभाग को दे दी है। ग्रामीणों के मुताबिक इस भीषण अगलगी में? सभी पीड़ितों को करीब तीन लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। अगलगी में बनारसी यादव की एक झोपड़ी, कमलेश यादव की दो,मिथलेश की एक झोपड़ी और 80 बोझ धान,बृजेश की दो झोपड़ी और 70 बोझ धान के साथ ही घर गृहस्थी का पूरा सामान जल गया। जबकि दो अन्य लोगों राजेश और योगेश का क्रमश: 60 और 40 धान का बोझ आग की भेंट चढ़ गया।प्रभारी निरीक्षक पवन उपाध्याय ने बताया कि अज्ञात कारणों से झोपड़ियों में लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

### अध्यक्ष सतीश, महामंत्री शंकर

जमानियां। जिला इकाई, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल ने गुरूवार को गांधी चौक पर व्यापारियों के सहमति से अध्यक्ष सतीश जायसवाल व महामंत्री शंकर गोस्वामी पद की जिम्मेदारी सौंपा है। जिलाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कहा जो जिम्मेदारी संगठन ने सतीश एवं शंकर को दिया है। उसपर खरा उतर कर संगठन और व्यापारियों के कंधे को और मजबूर करने काम करेगें। जिला महामंत्री किशन शर्मा ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दोनों पदाधिकारियों को दी है। वह उस पर अमल करते हुए व्यापारियों के समस्याओं का हल निकालने का कार्य करेगें। अगर ब्लाक एवं जिलाा स्तर पर भी व्यापरियों के साथ अन्याय होता है तब पर संगठन और पदाधिकारी मिलकर हल कराने का प्रयास करेंगें। इस अवसर पर यसवंत राय, संदीप जायसवाल, रमेश, संतोष शर्मा, मनोज, विंध्याचल शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, हैदर अख्तर, वजीर, बबलू, सरफराज, राकेश, शुभम मौजूद रहे।

### आगनबाड़ी वर्कर्स की होगी भर्ती



सादात। शासन ने बाल विकास सेवा एवं पोषण विभाग के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्री की नई भर्ती शुरू कर दी है। आवेदकों के लिए ब्लाक मुख्यालय पर लिस्ट चस्पा कर दिया गया है। जिले के सभी ब्लाकों में कुल 290 पदों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए 9 दिसंबर तक आवेदन लिया जाएगा। सादात ब्लाक में 13 और मनिहारी में 41 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति होगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी सोनम सिंह ने बताया कि सादात ब्लाक के बबुरा, बंधांव प्रथम, रिश्ती, बसही, भाला खुर्द द्वितीय, दलीप राय पट्टी द्वितीय, नगर के वार्ड 07 दीनदयालनगर, हीरानंदपुर, कबीरपुर, चकमाइम कादर, कनेरी तृतीय, नगवा और पलिवार की रिक्त सीट पर नियुक्ति की जाएगी। यह भर्ती महिलाओं के लिए सरकारी सेवा में एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आया है। इच्छुक महिला उम्मीदवार बाल विकास विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।



# आमने-सामने बाइकों की टक्कर में चार घायल, दो की हालत गम्भीर

जौनपुर। शिवपुर गांव के प्राथमिक स्कूल के सामने तेज रफ्तार बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमें चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो लोगों को गम्भीर चोटें आयी है उन्हें रेफर कर दिया गया है। केराकत क्षेत्र के विजईपुर गांव निवासी प्रीतम कुमार 24 वर्ष पुत्र रामफेर गौतम अपने रिश्तेदारों शुभम कुमार पुत्र देवेश तथा प्रवीण कुमार पुत्र सजंय गौतम निवासी सोखीपुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ को बाइक पर बैठाकर राजेपुर त्रिमुहानी का मेला दिखाने ले आया था। मेला दिखाने के बाद तीनों बॉइक से वापस घर जा रहे थे। उक्त स्कूल के सामने विपरीत दिशा से दिनेश कुमार पुत्र बेचूराम निवासी खरचलपुर बॉइक से आ रहा था। दोनों बाइको की रफ्तार तेज बतायी जा रही है। दोनो बाइक अचानक आमने सामने टकरा गयी जिसके बाद चारों सवार बॉइक सहित गिर गए। वहां पर मौजूद सखोई गांव निवासी छोटू सिंह ने चारों घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरूनगर लाये। वहां पर कोई चिकित्सक नहीं था। काफी देर बाद एक चिकित्सक पहुंची। उन्होंने दिनेश कुमार तथा प्रीतम कुमार की चोट की हालत गम्भीर देखते हुए तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बाकी दोनों घायलों का उपचार चल रहा है।

# म्योरपुर हवाई पट्टी का डीएम ने जाना हाल

## विस्तारीकरण में आने वाली समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन

म्योरपुर। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शुक्रवार को हवाई पट्टी विस्तारीकरण का निरीक्षण किया। इस दौरान विस्तारीकरण में आने वाली समस्याओं से अवगत होते हुए जल्द निराकरण का आश्वासन देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

म्योरपुर हवाई पट्टी के विस्तारीकरण की जद में आये एक काश्त की भूमि पर काश्तकार जौहर हुसैन द्वारा स्टे आर्डर लेने के बाद से विस्तारीकरण कार्य रुका हुआ है। जिलाधिकारी ने उक्त काश्तकार से मिलकर उसकी समस्याओं को सुना तथा इसकी रिपोर्ट शासन को भेजकर समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी खन्ता पिकनिक स्पॉट पहुंचे उसकी प्राकृतिक सुंदरता को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने खन्ता पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु नामित यूपीपीसीएल के कार्यदायी संस्था के प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु निर्माण कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये और निर्माण कार्य के त्वरित गति से पूर्ण किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी



ने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु भूमि सम्बन्धित जो भी समस्याएं हों, उसका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबन्धक से निर्माण कार्य की लागत व पिकनित स्पाट को विकसित करने हेतु बनाये गये स्टीमेट के सम्बन्ध में जानकारी ली, तो परियोजना प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि 498.12 लाख की लागत से पर्यटन स्थल को विकसित किया जायेगा। पर्यटन स्थल को विकसित करने हेतु एनटीपीसी बीजपुर द्वारा धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसमें से प्रथम किश्त के रूप में 150 लाख रुपए प्राप्त हो गयी है, जिससे गेट का निर्माण, 10 नगर गजीबों का निर्माण, स्वालेट ब्लाक का निर्माण, पार्किंग का निर्माण, रेस्टूरेन्ट, बेंच इत्यादि के निर्माण कार्य किये जायेंगे।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, एसडीएम दुद्धी निखिल यादव, डीएफओ रेनुकूट भानेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़, खण्ड विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, रेंजर जब्बार सिंह, एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक हेमंत सिंह समेत राजस्व, वन एवं पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संपादकीय

# महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण की जरूरत

ऐसे तो भारत में महंगाई कुछ नियंत्रित कही जा सकती है, लेकिन त्योहार के इन दिनों में महंगाई आम आदमी के लिए चिंता का कारण बन गयी है। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में महंगाई में कुछ कमी आयी है, लेकिन अब भी महंगाई दर सहन क्षमता के ऊपर है।

अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रही है। यह बीते 14 माह के उच्चतम स्तर पर है और भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी बहुत ज्यादा है। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्टूबर में ही 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतल पेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्तूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में प्याज खुदरा में 70-80 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में ही नासिक सबसे अधिक प्याज का उत्पादन करता है। वहां की मंडियों में भी प्याज औसतन 50 रुपए किलो बेचा जा रहा है।

बाजार के जानकारों का आकलन है कि प्याज के दाम 100 रुपए किलो तक बढ़ सकते हैं और टमाटर इससे भी काफी महंगा बिक सकता है। सिर्फ सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी फसलें बोनी हैं, लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है, लेकिन बोरी 300 रुपए तक महंगी कर दी गई है।

किसान औसतन सस्ती फसल कैसे बो सकता है और उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिल सकता है? रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का आकलन है कि महंगाई अभी और बढ़ेगी। भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने मिल कर तय किया था कि खुदरा महंगाई दर 4-5 फीसदी के बीच रहनी चाहिए। आदर्श स्थिति 4 फीसदी की है। अभी तक कोशिशें भी की गईं कि महंगाई वहीं तक सिमट कर रहे, लेकिन अब हदें लांघ दी गई हैं। सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। बढ़ोतरी के संकेत वहीं से मिल गए थे। अब यह महंगाई दर 6.2 फीसदी हो गई है, जो सर्वाधिक है।

ये तमाम आंकड़े भारत सरकार के 'सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' ने जारी किए हैं। जो संगठन निजी क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनका डाटा भिन्न हो सकता है और महंगाई दर भी ज्यादा हो सकती है। बहरहाल अभी जो चुनाव किए जा रहे हैं, उनमें महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं है। चुनावों में मुफ्तखोरी की रेवडियों की प्रतिद्वंद्विता है अथवा बांटने, काटने, डरने, मरने की ही चचाएं हैं। महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं।

एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश के 23 राज्यों में से छत्तीसगढ़ में, बीते एक साल के दौरान, महंगाई सबसे अधिक 6.4 फीसदी बढ़ी है। मप्र में 3 फीसदी, उप्र, बिहार, केरल, तमिलनाडु में 2.3 फीसदी महंगाई बढ़ी है। पंजाब और हरियाणा ऐसे राज्य हैं, जहां साल भर में महंगाई क्रमशः 0.4 फीसदी और 0.7 फीसदी ही बढ़ी है, लेकिन महंगाई दर 5 फीसदी से अधिक रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा इकलौता राज्य है, जहां महंगाई दर घटी है। देश में पांच राज्य ऐसे हैं, जहां महंगाई दर 7 फीसदी से ज्यादा रही। ओडिशा 7.5 फीसदी महंगाई दर के साथ इन राज्यों में शिखर पर है।

डाटा में यह भी बताया गया है कि 11 राज्यों में महंगाई दर 6 फीसदी से कम रही है। बहरहाल आकलन किया जा रहा है कि ऐसी बढ़ोतरी के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर औसतन 4.8 फीसदी रहेगी, जो रिजर्व बैंक के लक्ष्य की परिधि में है। गौरतलब यह है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अक्टूबर में 10.87 फीसदी रही है, जो सितंबर में 9.24 फीसदी थी।

बताया जाता है कि मौसम की अनिश्चितता से कई राज्यों में फसलें प्रभावित हुईं। आलू-टमाटर समेत प्रमुख सब्जियों के उत्पादन कम हुए। मांग और आपूर्ति में फासला बढ़ा। बहरहाल सरकारी आंकड़ों में महंगाई की जो भी तस्वीर सामने आती है, वह आम आदमी को चुभने वाली है। उसकी जेब पर असर पड़ रहा है। कोरोना महामारी के बाद आम आदमी की औसतन आय नहीं बढ़ी, बल्कि बचत भी मात्र 9 फीसदी रह गई है। ऐसे में वह महंगाई का सामना कैसे करे?

खाद्य कीमतों में भी गिरावट आनी चाहिए। कृषि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति तभी उत्पन्न होती है जब किसी वस्तु या सेवा की प्रभावी मांग उपलब्ध आपूर्ति से अधिक हो जाती है। आपूर्ति की लागत और आपूर्ति की मात्रा मुद्रास्फीति के आपूर्ति-पक्ष की गतिशीलता को निर्धारित करती है। डीजल महंगा होता जा रहा है। गैस एवं उर्वरक की बढ़ती कीमतें इस सेक्टर को महंगाई से डरा रही हैं। याद रहे कि महंगा भोजन आबादी के स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। किसी भी स्थायी मुद्रास्फीति नियंत्रण के लिए कृषि उत्पादन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने के लिए अपनी व्यापार नीति को सावधानीपूर्वक जांचते रहना चाहिए। साथ ही टमाटर, प्याज और आलू जैसी अस्थिर सब्जियों के लिए बफर स्टॉक बनाना चाहिए, जिससे किसानों को अधिक पैदावार के दौरान उनकी उपज के लिए स्थिर कीमतें प्राप्त करने में मदद मिल सके। इसके लिए कम लागत पर सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए कोल्ड स्टोरेज, बुनियादी ढांचे का विस्तार महत्वपूर्ण होगा। इससे सरकार कीमतों को कम करने के लिए जब मांग अधिक हो तब स्टाक को व्यवस्थित रूप से जारी कर सकती है।

वास्तव में, किसी समस्या का समाधान यह स्वीकार करने से शुरू होता है कि समस्या मौजूद है और महंगाई केवल राजनीतिक विषय नहीं है। वंचितों को थोड़ी मात्रा में अनाज वितरित करना अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं, जो उन्हें गरीबी की ओर धकेलते हैं। अभी लोगों को महंगाई की मार से कैसे बचाया जाए, यही सवाल हमारे लिए तात्कालिक महत्व का है। महंगाई नियंत्रित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है, ऐसे में इस बबार्दी को रोकने के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ?ा होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से देश में खुदरा महंगाई को नियंत्रित किया जा सकेगा और चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई लक्ष्य के अनुरूप 4.5 फीसदी तथा आगामी वर्ष 2025-26 में चार फीसदी के दायरे में रहते हुए दिखाई दे सकेगी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का कहना है कि अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, लेकिन मुद्रास्फीति विकास के खेल को बिगाड़ सकती है। अगर महंगाई बेकाबू हो गई तो आरबीआई के पास ब्याज दरें बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। यह अनिवार्य रूप से भारत की विकास दर पर भी असर डालेगा। बढ़ती महंगाई एवं उच्च मुद्रास्फीति के खतरे को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। केन्द्र सरकार को इस मुद्दे पर जरूर सोचना चाहिए। अगर महंगाई को तुरंत लगाम नहीं लगाई गई, तो गरीब व मध्यम वर्ग का जीना निश्चय ही कठिन हो जाएगा।

# सोशल मीडिया का दुष्प्रचार में इस्तेमाल

राम पुनियानी

हिंदू राष्ट्रवाद के प्रचार और गलत धारणाओं को फैलाने के लिए व्हाट्सएप का इस्तेमाल मौजूदा तंत्र के अतिरिक्त प्रचार के रूप में किया जा रहा है, जिसका मुकाबला करने की जरूरत है।

वर्तमान में व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी, जैसा कि इसे लोकप्रिय नाम दिया गया है, लोकप्रिय धारणाओं को आकार देने के मामले में हावी है। अकादमिक इतिहासकारों ने तर्कसंगत वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जमीनी स्तर पर इतिहास तैयार करने के लिए दिन-रात बरसों काम किया है, उन्हें अपमानजनक तरीके से रौंदा जा रहा है और उनके विशाल काम को प्रमुख राजनीतिक प्रवृत्ति द्वारा दरकिनार किया जा रहा है।

चिंताजनक बात यह है कि वर्तमान में इस माध्यम के जरिए जो सामाजिक धारणा बनाई जा रही है, वह उन लोगों के हाथों में सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है, जिनका एजेंडा हिंदुत्व या हिंदू राष्ट्रवाद का प्रतिगामी राजनीतिक एजेंडा है।

यह बात हाल ही में तब सामने आई, जब इतिहासकार विलियम डेलरिम्पल, जिनकी किताबें काफी लोकप्रिय रही हैं, ने पत्रकारों के साथ बातचीत में निष्कर्ष निकाला कि इसके परिणामस्वरूप, आपको 'व्हाट्सएप इतिहास' और 'व्हाट्सएप विश्वविद्यालय' का विकास देखने को मिला है। यह भारतीय शिक्षाविदों की आम दर्शकों तक पहुंचने में विफलता थी।ह्व (इंडियन एक्सप्रेस -- अड्डा, 11 नवंबर, 2024)

डेलरिम्पल के अनुसार यही वर्तमान में गलत सामाजिक धारणाओं का स्त्रोत है : जैसे कि आर्य इस भूमि के मूल निवासी थे, 'हमारे' पास पुष्पक विमान (हवाई जहाज), प्लास्टिक सर्जरी, जेनेटिक इंजीनियरिंग और इसी तरह की अन्य सभी वैज्ञानिक जानकारी थी। यह धारणा इस 'सामाजिक सामान्य ज्ञान' का भी स्त्रोत है कि इस्लाम और ईसाई धर्म 'विदेशी' धर्म हैं, कि मुस्लिम राजाओं ने हिंदू मंदिरों को नष्ट किया और हिंदुओं के खिलाफ बहुत अत्याचार किए, जिसमें बलपूर्वक इस्लाम का प्रसार भी शामिल है। इस सूची में यह भी जोड़ा गया है कि गांधी हिंदू विरोधी थे, कि गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन के कारण भारत को स्वतंत्रता नहीं मिली और इसी तरह की अन्य गलत धारणाएं समाज के अधिकांश लोगों के दिमाग पर हावी हैं।

इस आख्यान (नेरेटिव) को वर्तमान में इस माध्यम (व्हाट्सएप) द्वारा उजागर किया जा रहा है, लेकिन यह नेरेटिव एक राजनीतिक प्रवृत्ति - हिंदू सांप्रदायिकता - के गर्भ में था, जिसका प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ या आरएसएस द्वारा किया गया और बाद में इसके अन्य आनुषांगिक संगठनों द्वारा इसका समर्थन किया गया।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान, राष्ट्रीय आंदोलन द्वारा जो प्रमुख नेरेटिव प्रस्तुत किया गया, वह समावेशी था। इसने समझा कि भारत एक 'बनने



वाला राष्ट्र' है। यह हिंदू राष्ट्रवादियों के उस आख्यान के विपरीत था, जो मानते थे कि हिंदू अनादि काल से एक राष्ट्र हैं। मुस्लिम राष्ट्रवादियों का मानना था कि मुस्लिम राष्ट्र की शुरूआत आठवीं शताब्दी में सिंध पर शासन करने वाले मोहम्मद बिन कासिम से हुई थी।

सांप्रदायिक इतिहास लेखन की जड़ें ब्रिटिश लोकप्रिय पुस्तकों में निहित हैं, जैसे कि जेम्स मिल (भारत का इतिहास), जिसने भारतीय इतिहास को हिंदू काल, मुस्लिम काल और ब्रिटिश काल में विभाजित किया था। इसी तरह, इलियट और डॉसन की बहु-खंडीय भारत का इतिहास उसके इतिहासकारों द्वारा बताया गया। ये दोनों इस धारणा पर आधारित थे कि राजा अपने धर्म के प्रतिनिधि थे।

हिंदू सांप्रदायिक इतिहास लेखन की शुरूआत आरएसएस शाखाओं के बौद्धिकों (अपने कार्यकताओं के लिए आयोजित सुबह की ड्रिल के वैचारिक नेता) के माध्यम से हुई, और बाद में यह विभिन्न माध्यमों जैसे सरस्वती शिशु मंदिरों, एकल विद्यालयों, उनके अनौपचारिक मुखपत्रों, ऑर्गनाइजर, पांचजन्य आदि के माध्यम से आगे बढ़ा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, लाल कृष्ण आडवाणी के जनता पार्टी सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनने के बाद, सरकारी तंत्र का इस्तेमाल करके इस नेरेटिव की घुसपैठ शुरू हो गई थी। पहले से ही ऐसे संकेत मिल रहे थे कि आरएसएस के स्वयंसेवक पूरी शिक्षा प्रणाली और इतिहास, सामाजिक विज्ञान और अन्य पुस्तकों की विषय-वस्तु को बदलने के लिए तैयार हैं। आरएसएस से जुड़ी 'शिक्षा बचाओ अभियान समिति' के दीनानाथ बत्रा द्वारा लिखी गई नौ पुस्तकों का एक सेट का पहले ही गुजराती में अनुवाद किया जा चुका है और राज्य के 42,000 स्कूलों में पढ़ाई जा रही हैं।

भाजपा के अनुकूल कॉरपोरेट्स (अडानी, अंबानी) द्वारा मीडिया पर पूरी तरह कब्जा कर लेने के कारण, इसका अधिकांश चरित्र बदल चुका है और आज मीडिया सत्तारूढ़ भाजपा की गोद में बैठा हुआ है। भाजपा द्वारा अपने आईटी सेल को मजबूत करने के साथ, व्हाट्सएप इस नेरेटिव का प्रमुख तंत्र बन गया है। इसका सबसे अच्छा विश्लेषण पत्रकार स्वाति चतुर्वेदी की पुस्तक, 'आई एम ए ट्रोलः इनसाइड द सीक्रेट वर्ल्ड ऑफ द बीजेपीज डिजिटल आर्मी' में देखा जा सकता है।

इनमें से कई अकादमिक इतिहासकारों की किताबें 1980 के दशक में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के पाठ्यक्रम का हिस्सा थीं। 1998 में जब भाजपा सत्ता में आई, तो उन्होंने 'शिक्षा का भगवाकरण' शुरू कर दिया, जो 2014 में भाजपा के पूर्ण बहुमत में आने के बाद और भी मजबूत हो गया। अब इस छद्म इतिहास और पौराणिक कथाओं को इतिहास में पूरी तरह से शामिल करने की बात हो रही है।

लोकप्रिय धारणाओं को अकादमिक इतिहासकार केवल आंशिक रूप से ही आकार देते हैं। आज, देश पर हावी या शासन करने वाली राजनीतिक प्रवृत्तियां मुख्य रूप से समाज के बड़े हिस्से में धारणाओं को आकार दे रही हैं। मानवाधिकार कार्यकताओं से जुड़े अमेरिकी भाषाविद् नोम चोम्स्की ने 'सहमति निर्माण' की अवधारणा को प्रतिपादित किया है। उनकी पुस्तक में स्पष्ट किया गया है कि सरकारें लोकप्रिय समझ का निर्माण करती हैं, जैसे कि कहा गया कि वियतनाम या इराक पर आक्रमण करने की योजना या अन्य नीतियां ह्लसमाज के लाभह्व के लिए हैं। इतिहासकारों के उत्कृष्ट कार्य के बावजूद, सच्चाई छुपी रहती है और राज्य की जरूरतें या राज्य पर हावी राजनीतिक प्रवृत्ति लोकप्रिय सामान्य ज्ञान को आकार देती हैं।

हालांकि व्हाट्सएप द्वारा प्रचारित पूरी तरह से तर्कहीन समझ के बारे में डेलरिम्पल की चिंता की सराहना की जा सकती है, लेकिन असली मुद्दा यह है कि दक्षिणपंथी राजनीति ने अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए चतुराई से अपने पंख फैलाए हैं। उनके द्वारा बनाए गए इतिहास का तर्कसंगत या अकादमिक इतिहास से कोई लेना-देना नहीं है।

भारत में, खास तौर पर, इतिहास के अनुशासन का पालन करने वालों के खिलाफ हमला किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार अरुण शौरी, जो कभी भाजपा के साथी थे, ने वैश्विक ख्याति प्राप्त कुछ इतिहासकारों के खिलाफ एक किताब लिखी थी, जिसका नाम था 'द एमिनेंट हिस्टोरियंस'। आज भी, ऐसे कई लोग हैं, जो इतिहास का विकृत संस्करण प्रस्तुत करते हैं और हिंदू राष्ट्रवाद का समर्थन न करने वालों के खिलाफ हमला करते हैं।

एक तरह से व्हाट्सएप हिंदू राष्ट्रवाद के प्रचार के मौजूदा तंत्र का एक अतिरिक्त हिस्सा है। तर्कसंगत वैज्ञानिक इतिहासकारों के काम को लोकप्रिय बनाने के लिए, अधिक राजनीतिक और सामाजिक समूहों को अकादमिक इतिहासकारों से लेकर आम लोगों तक पुल के रूप में काम करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सामाजिक सामान्य ज्ञान और सामाजिक धारणाएं समावेशिता, वैज्ञानिक सोच और भारतीय राष्ट्रवाद के मूल्यों पर आधारित हों।

जहां तक अकादमिक इतिहासकारों की बात है, तो वे स्वेच्छा से स्कूली किताबें या ज्यादा लोकप्रिय ट्रैक लिख सकते हैं, हमें उनका आभारी होना चाहिए। व्हाट्सएप की सफलता अकादमिक इतिहासकारों की विफलता के कारण नहीं, बल्कि सांप्रदायिक राजनीति के उदय के कारण ज्यादा है।

# मिलावटी व नकली खाद्य सामग्री का चलन खतरनाक

निर्मल रानी

कम से कम समय व लागत में अधिक से अधिक धन कमाने जैसी शार्ट कट मानवीय प्रवृति ने लगभग पूरे देश को संकट में डाल रखा है। भारतीय बाजार में नकली व मिलावटी सामानों की भरमार इसी प्रवृति का नतीजा है। परन्तु जब यही मिलावटखोरी या नकली सामग्री का इस्तेमाल खाद्य सामग्रियों में होने लगता है तो निःसंदेह यह सीधे तौर पर इंसान की जान से खिलवाड़ करने या धीमा जहर देने के सिवा और कुछ नहीं। पूरा देश इस बात से भली भांति वाकिफ है कि हमारे देश में दूध का जितना उत्पादन होता है उससे कई गुना ज्यादा दूध व दूध से बनी जरूरी सामग्री की खपत होती है। यह दूध आखिर कहाँ से आता है ? सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में ऐसी अनगिनत वी डी ओ वायरल हो चुकी हैं जिनमें नकली व जहरीला दूध बनते देखा जा सकता है। नकली व मिलावटी देसी घी,खोया सब कुछ देश में बन रहा है व बेचा जा रहा है। असली नकली का भेद न कर पाने वाली आम जनता उसी धीमे जहर को खाने पीने के लिये मजबूर है। और इन्हीं या इनसे बनी अनेक खाद्य

सामग्रियों का सेवन कर तरह तरह की बीमारियों का शिकार हो रही है। अब तो हद यह हो गयी है कि पिछले दिनों देश की राजधानी दिल्ली, गाजियाबाद, मोदीनगर और हरियाणा के जींद से अमूल जैसे लोकप्रिय देसी घी सहित कई अन्य कम्पनीज के ब्रांड के नाम पर बनने वाला नकली घी पकड़ा गया। जहरीली खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने वाले यह लोग टेट्रा पैक पर अमूल घी, मधुसूदन घी, मदर डेयरी घी, पतंजलि गाय घी, वर्का घी, नेस्ले एवरीडे घी, आनंद घी, परम देशी घी, मिल्कफूड देशी घी, मधु घी, लक्ष्य घी और श्वेता घी जैसी कम्पनीज के नकली ब्रांड पैक इस्तेमाल करते थे। और इन्हीं अलग अलग कंपनी के ब्रांड नाम से तैयार किया जा रहा देसी घी बनाकर बाजार में बेच रहे थे। केवल हरियाणा के जींद में जो देसी घी बनाने वाली फैक्टरी पकड़ी गई है वहां 2500 लीटर नकली घी का कच्चा माल बरामद हुआ। पुलिस ने इस मिलावटी नेटवर्क को चलाने में रितिक खंडेलवाल, मथुरा, संजय बंसल, शाहदरा, दिल्ली, रोहित अग्रवाल, मोदीनगर, गाजियाबाद, कृष्ण गोयल, जींद, नरेश सिंघला व अश्वनी उर्फ आशु,जींद को आरोपी बनाया है। नकली जहरीला घी खाने का अर्थ कैंसर को दावत देना होता है। वैसे तो देसी घी में प्रायः आलू, शकरकंद जैसे स्टार्च की मिलावटी की जाती है। लेकिन कई बार इसमें कोल टार डाई या अन्य खतरनाक रसायन भी मिला दिये जाते हैं जिसके कारण फूड पॉइजनिंग , एलर्जी जैसी परेशानियों से लेकर कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी तक भी हो सकती है।

गत 12 नवंबर को केवल दिल्ली में एक ही दिन में 50 हजार शादियां हुईं। जरा सोचिये कि हर शादी में दूध घी पनीर खोया मिठाई आदि की कितनी खपत हुई होगी। इसी तरह पूरे देश के विवाह आयोजनों व अन्य समारोहों में आप जब जहाँ और जितना भी घी,दूध,दही मक्खन,खोया,पनीर आदि जो भी चाहें आप को मिल जायेगा। सवाल यह है कि जब सरकार व प्रशासन भी इस जालसाजी व मिलावटखोरी की खबरों व इसके नेटवर्क से वाकिफ है और इसे रोकने के लिये पर्याप्त कानून भी बने हैं उसके बावजूद मिलावटखोरी का यह सिलसिला दशकों से क्यों चला आ रहा है? कुछ लोगों की अधिक धन कमाने की शॉर्टकट प्रवृति ने आखिर पूरे देश को धीमा जहर खाने के लिये क्यों मजबूर कर दिया है। क्यों जहर के इन व्यवसायियों के हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। यह जानने के लिये पड़ोसी चीन की एक घटना का उल्लेख करना जरूरी है। कुछ वर्ष पूर्व चीन में अपराधी मानसिकता के ऐसे ही दो लोगों द्वारा नकली दूध बनाने का धंधा शुरू किया गया। कुछ दिनों में ही यह नकली दूध जांच के दायरे में आ गया। जब यह नेटवर्क ध्वस्त हुआ तो वहां की सरकार ने इन दोनों ही अपराधियों को सजा-ए-मौत दे दी। तब से आजतक वहां नकली दूध के किसी दूसरे नेटवर्क ने अपना सिर बुलंद नहीं किया।

हमारे देश में इस तरह के नकली,मिलावटी व जहरीले खाद्य नेटवर्क को बढ़ावा देने के पीछे सच पूछिए तो सरकार,प्रशासन व जनता,कुछ न कुछ सभी जिम्मेदार हैं। यदि आप देश के समाचारपत्रों पर नजर डालें तो शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिसदिन इस तरह का नकली,मिलावटी व जहरीला खाद्य सामग्री का नेटवर्क पकड़ा न जाता हो। परन्तु आपको यह खबर बहुत कम बल्कि ना के बराबर पढ़ने को मिलेगी कि अमुक नकली,मिलावटी खाद्य नेटवर्क से जुड़े लोगों को सख़्त सजा हुई हो। इसका कारण है कि जो प्रशासन मिलावटखोरी के नेटवर्क को पकड़े जाने की वाहवाही जिस तरीके से लूटता है वही उनसे जुड़े उन सुबूतों को अदालत तक उस मुस्तैदी के साथ नहीं पहुंचा पाता जैसा कि छापेमारी के समय मीडिया में नजर आता है। अब चूँकि आदालतें साक्ष्य, गवाही व दस्तावेजों के आधार पर ही अपने फैसले सुनाती हैं और अदालत में साक्ष्य, गवाही व दस्तावेजों को उपलब्ध कराना कार्यपालिका का विषय है, इसलिये साक्ष्य, गवाही व दस्तावेजों के अभाव में सभी गिरफ़्तार आरोपियों को सजा नहीं मिल पाती। इसीलिये यह आम धारणा बन चुकी है कि इसतरह के नेटवर्क से जुड़े लोग भ्रष्टाचार व रिश्वत के दम पर स्वयं को बचा ले जाते हैं और जाहिर है कि बरी होने के बाद यही लोग बुलंद हौसले के साथ आम लोगों को जहर बेचने का यही काम फिर शुरू कर देते हैं।

जनता इसलिये जिम्मेदार है कि वह ऐसे अपराधियों को समाज में संरक्षण देती है। जो लोग नकली,मिलावटी खाद्य नेटवर्क से जुड़े होते हैं वे एलियन नहीं न ही वे आसमान से टपकते हैं। वे भी किसी गली मोहल्ले कॉलोनी या शहरों व गांव में रहते हैं। जब यह लोग जहर बेचते पकड़े जाते हैं तो इनके रिश्ते नातेदार पड़ोसी सभी को इनके करतूतों का पता चलता है। वास्तव में समाज को ऐसे लोगों का पूर्णतः सामाजिक बहिष्कार करना चाहिये। यदि अपनी चालाकियों या रिश्वत के बल पर यह अदालत से बरी भी हो जाएँ तो भी पास पड़ोस के लोगों व इनके सभी जानने वालों को इनका सामाजिक बहिष्कार करना चाहिये। आश्चर्य है कि जो लोग समाज को जहर देकर मारने का संगठित व इरादतन अपराध करते हों उसी समाज के लोग इन अपराधियों को अपने सर माथे पर बिठाते हैं? इससे भी इनके हौसले बुलंद होते हैं। और ऐसे ही लोगों के चलते मिलावटी व नकली खाद्य सामग्री का बढ़ता चलन देश के लिये कलंक बनता जा रहा है।

# मेरे खून में स्याही बहती है

पूर्वोत्तर भारत में मामोनी रायसम गोस्वामी के नाम से जानी जाने वाली असमिया की लोकप्रिय कथाशिल्पी इंदिरा गोस्वामी (14 नवंबर 1942-29 नवंबर 2011) ने अपने कथा लेखन में असमिया समाज की अनजानी, अनकही परेशानियों और दुःखों को पिरोया था। वैसे तो उनकी रचनाएं कथावस्तु की विविधता, उत्कृष्ट शिल्प विधान और विशिष्ट अभिव्यक्ति कौशल के लिए जानी जाती रही हैं, किंतु उनकी कृतियों में व्यक्तिगत ईमानदारी की जो छाप दिखाई पड़ती है, उसको आलोचकों के द्वारा प्रतिष्ठित किया जाना अभी शेष है। इंदिरा गोस्वामी के बचपन का नाम 'मामोनी' था, जिसका उपयोग वह लेखन में भी करती थीं। बता दें कि मामोनी नाम का तात्पर्य 'मां का नगीना' होता है। यदि कहा जाए कि आगे चलकर इंदिरा जी ने अपने इस नाम को चरितार्थ करते हुए अपने जीवन और लेखन के विविध क्षेत्रों में एक 'नगीना' बनकर संपूर्ण राष्ट्र के फलक पर चमकीं, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंदिरा जी की कहानियों और उपन्यासों का आधार जीवन की वास्तविकता या कहा जाए कि यथार्थ जगत रहा है। उनकी रचनाओं में भावुकता भले ही थोड़ा कम मिले, परंतु संवेदनशीलता कूट-कूटकर भरी हुई है। इस संवेदनशीलता के कारण उनकी रचनाएं पाठकों के दिल और दिमाग पर राज करती रहीं। बता दें कि उनकी रचनाएं पाठकों के बीच ही नहीं, बल्कि आलोचकों के द्वारा भी हमेशा प्रशंसित रहीं।


शिल्पगत विशेषता उनकी रचनाओं से पाठकों को बांधकर रखने में सक्षम है। सूक्ष्म अंतदृष्टि तथा गहरी काव्यात्मक संवेदनाओं से ओत-प्रोत उनकी कहानियों और उपन्यासों को पढ़ते हुए पाठक की चेतना संवदनाओं की ओट पाकर सजीव हो उठती है। गौरतलब है कि इंदिरा गोस्वामी ने बेहद छोटी आयु से ही, स्कूल में पढ़ाई करने के दौरान ही कहानी लिखना शुरू कर दिया था। उन्होंने स्वयं ही एक लेख के माध्यम से बताया था- 'मैंने तेरह वर्ष की उम्र में लिखना शुरू किया। मेरी कहानियां जो अधिकतर बच्चों के लिए होती थीं, आसामी दैनिक और साप्ताहिक अखबारों के बच्चों के स्तंभ में निकलना शुरू हुईं। मुझे छपे शब्दों को देखकर ही खुशी होती थी। तेरह साल की उम्र में मेरी रचनाओं का स्त्रोत अधिकतर मेरी आकस्मिक प्रेरणा थी। श्री कीर्तिनाथ हजारिका जो उस समय के सबसे अधिक प्रचलित दैनिक नूतन असमिया के संपादक थे, मुझे उत्साहित करते थे और उस समय यही मेरे लिए प्रेरणा थी।' देखा जाए तो कोई भी वास्तविक रचनाकार लगभग इसी प्रकार धिसते-पिटते और संघर्ष करते हुए ही आगे बढ़ता और तैयार होता है। बहरहाल, इंदिरा जी के शुरूआती कहानी संग्रहों के नाम 'चिनाकी मरम' और 'कड़ना' हैं। हालांकि, बाद के वर्षों में 'ह्रदय एक नदीर नाम', 'निर्वाचित गल्प' और 'प्रिय गल्प' नामक उनके तीन अन्य कहानी संग्रह भी प्रकाशित हुए।

उपन्यासों की बात करें तो उनका पहला ही उपन्यास, जिसका शीर्षक 'चिनाबार स्त्रोत' है और जो निजी निर्माण कंपनियों के मजदूरों के जीवन और संघर्ष पर केंद्रित है, उन्नत कथावस्तु एवं शिल्प के कारण बहुत लोकप्रिय हुआ। बहीं, नीलकंठ ब्रज, अहिरन, मामरे धारा तरोवाल, संस्कार, ईश्वर जख्मी जात्री, तेज आरू धूलि धूसरित पृष्ठ, दासरथीर खोज और छिन्नमस्ता नामक उनके उपन्यास मर्मस्पशी शैली एवं श्रेष्ठ शिल्प के कारण बहुचर्चित हुए।

# महाराष्ट्र चुनाव : लोकतंत्र की व्याख्या

योगेश मोहन

हरियाणा चुनाव ने भारतीय लोकतंत्र की व्यवस्था से परिचय कराया और आगामी महाराष्ट्र का चुनाव भारतीय लोकतंत्र को परिभाषित करेगा। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर उम्मीदवारी हेतु 4140 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहें हैं। इनमें से अधिकांश प्रत्याशी को इसका संज्ञान है कि वे इस चुनाव में विजयश्री नहीं प्राप्त कर पायेंगे एवं किसी ना किसी दल के प्रत्याशी को चुनाव में पराजित होने में सहायक अवश्य होंगे। इनके चुनावी प्रचार का सम्पूर्ण व्यय भी कोई न कोई पार्टी उठा रही है और साथ ही पार्टी के प्रति निष्ठा होने के प्रतिउत्तर में इनको विगत कुछ दिन के परिश्रम का पारितोषिक भी प्राप्त होगा। किसी भी अन्य प्रदेशों की अपेक्षा महाराष्ट्र के चुनावी प्रचार में सर्वाधिक व्यय होगा, सम्भवतया वहाँ पर व्यय करने की कोई सीमा नहीं होगी। राजनीतिक जानकारों का तो यहाँ तक कहना है कि वहाँ की कुछ प्रतिष्ठित सीटों पर 100 करोड़ रुपये तक का व्यय होना भी सम्भव है। इस पूवार्नुमान में कोई आश्चर्य भी नहीं है क्योंकि मुम्बई भारत की आर्थिक राजधानी है जहाँ पर भारत के अत्यधिक सम्पन्न व्यवसायी रहते हैं उनको भी अपना सुरक्षा कवच स्थापित करने हेतु निम्नतम 4-5 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता होती है। अतः अपनी पसन्द के उम्मीदवारों को विजयश्री दिलाने के लिए वे उनके चुनावी प्रचार का सम्पूर्ण व्यय वहन करते हैं और यह निश्चित करते हैं कि वे येन-केन-प्रकारेण सफलता प्राप्त करें। महाराष्ट्र के बड़े व्यवसायियों का और भी बड़ा खेल होता है, वह पूर्ण सरकार ही अपनी बनाने का प्रयास करते हैं। महाराष्ट्र के चुनाव में मुख्यतः दो गठबंधन सत्ता प्राप्त करने हेतु प्रसायरत हैं, जिनमें से प्रथम है - भाजपा, एकनाथ शिंदे और अजीत पवार। उपरोक्त गठबंधन में सर्वाधिक आश्चर्य वाला तथ्य यह है कि अपनी-अपनी पार्टी के 2 शीर्ष नेता स्वयं मुख्यमंत्री के पद को प्राप्त करने हेतु प्रयासरत हैं। इनमें से प्रथम नेता हैं - भाजपा के देवेन्द्र फणनवीस जो पार्टी और संघ के कर्मठ कार्यकता हैं। इसलिए संघ परिवार भी उनको मुख्यमंत्री के रूप में देखने के लिए आतुर है। द्वितीय नेता - वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं, जो चुनावों के पश्चात पुनः मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, परन्तु वर्तमान परिस्थिति में ऐसा होना प्रतीत नहीं हो रहा है। चुंकि भाजपा, उपरोक्त गठबंधन का सबसे बड़ी घटक है, अतः वह स्वयं का ही मुख्यमंत्री देखना चाहेगी। गठबंधन के तृतीय नेता अजीत पवार का भविष्य इन चुनावों के पश्चात क्या होगा, यह अंदाजा लगाना अभी कठिन है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाएगी अथवा वहाँ की राजनीति से उखाड़ कर फेंक देगी।द्वितीय गठबंधन कांग्रेस, शरद पवार और उद्धव ठाकरे का है। इस गठबंधन ने सर्वसम्मति से अपना मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को ही स्वीकार कर लिया है। उपरोक्त गठबंधन में से कौन विजयश्री प्राप्त करके सत्तासीन होगा, यह कहना अभी बहुत मुश्किल है, परन्तु इतना अवश्य है कि चुनाव आम आदमी की पहुँच से अत्यधिक दूर होगा,



वास्तविक मुद्दों का आभाव होगा। सवैधानिक संस्थाओं से आशा है कि वे चुनावी प्रक्रिया में कोई भी अलोकतांत्रिक घटना को रोकने में समर्थ होंगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था का ध्वज शान से फहराता रहे। यह चुनाव लोकतंत्र की जो भी व्याख्या प्रस्तुत करें, उससे सम्पूर्ण भारत गौरवान्वित हो एवं उसको शर्मसार न होना पड़े। चुनाव आयोग अपना धर्म संविधान में उल्लखित निदेर्शों के अनुसार पूर्ण करें क्योंकि सम्पूर्ण विश्व की निगाहें भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को बहुत सूक्ष्मता से देख रहीं है। अतः उनको अपना कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं ईमानदारी से निष्पादित करना ही विश्व में भारत के सम्मान के लिए श्रेयष्कर होगा।

**योगेश मोहन( वरिष्ठ पत्रकार और आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति)**

# टी20 सीरीज पर कब्जा करने का लक्ष्य

जोहानिसबर्ग। भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे और अंतिम टी20 मैच को जीत कर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है और उसका लक्ष्य अपनी जीत के सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। भारतीय टीम की ओर से तीसरे मैच में तिलक वर्मा ने शानदार शतक लगाया जबकि अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक। ऐसे में ये दोनो इस मैच में भी इसी प्रकार का प्रदर्शन चाहेंगे। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले मैच में रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में उनका लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा। इसके अलावा रिंकू सिंह के भी इस मैच में खराब फॉर्म से उबरने की उम्मीद है। संजू सैमसन पिछले दो मैचों से असफल रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह को लेक संशय जताया जा रहा है। ऐसे में उनकी जगह किसी युवा को शामिल किय




जा सकता है। इस मैच में तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को भी खेलने का अवसर मिल सकता है। भारत के लिए वांडरर्स मैदान से ही लकी रहा है। यहां भारतीय टीम ने साल 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहली बार टी20 विश्व कप जीता था। वहीं पिछली टी20 सीरीज में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। 3-1 से सीरीजजीतने के लिए बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे। रिंकू पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। ऐसे में उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा जा सकता है। इस सीरीज में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। इसके लिए उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। वहीं रिंकू ने अधिकतर समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :** **भारतीय टीम : भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान) संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशाक, रवि बिश्नोई! **दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), रयान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, पैट्रिक क्रूगर, मार्को जानसन, एंडिले सिमलेन, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला।

## बोले सूर्यकुमार, तिलक ने तीसरे नंबर पर उतारने को कहा था

सेंचुरियन। भारतीय टीम के सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि तिलक वर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 से पहले उनसे बल्लेबाजी क्रम बदलने को कहा था। इसी कारण उसे तीसरे नंबर पर भेजा गया। इस मैच में तिलक ने शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। तिलक ने बल्लेबाजी क्रम बदलने के अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए शतक लगाया।

सूर्यकुमार ने तिलक की तारीफ करते हुए कहा, मैं तिलक के बारे में और क्या कह सकता हूं। वह मेरे कमरे में आया और कहा कि मुझे नंबर 3 पर अवसर दीजिए, मैं उसमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उसने कहा कि इस नंबर पर उतरने की पूरी तैयारी उसने पहले ही की है। इस सफलता पर मैं उसके परिवार के लिए बहुत खुश हूं। अब वह नंबर 3 पर ही खेलेगा। तिलक ने मैच में 56 गेंदों पर नाबाद 107 रन की पारी खेली, जिससे भारतीय टीम ने 219 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

## इंडिया ने पर्थ में प्रैक्टिस शुरू की कोहली-बुमराह ने बहाया पसीना

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले पर्थ में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय खिलाड़ियों की फोटोज-वीडियो पोस्ट किए जिसमें वे प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेते दिख रहे हैं। पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। इससे पहले, टीम सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई थी। सभी खिलाड़ियों ने नेट सेशन में हिस्सा लिया भारतीय टीम ने बुधवार को ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, टीम के उपकप्तान जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा समेट सभी खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने बीसीसीआई को इन्फॉर्म किया है कि निजी कारणों के चलते उनका शुरूआती 2 में से किसी एक टेस्ट में खेलना मुश्किल है। रोहित इसलिए अब तक ऑस्ट्रेलिया भी नहीं पहुंचे हैं। डब्ल्यू टीसी फाइनल के लिए से अहम सीरीज डब्ल्यू टीसी 2023-25 साइकल में भारत की आखिरी टेस्ट सीरीज अब ऑस्ट्रेलिया से ही बाकी है। भारत ने 3-2 से सीरीज जीत भी ली तो भी टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। 4 टेस्ट जीतकर ही टीम बगैर किसी पर निर्भर हुए फाइनल में जगह बना सकेगी। वहीं इस लिहाज से भारत के लिए यह सीरीज काफी अहम है। वहीं भारत को 2014-15 से हरा नहीं सका ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 सीरीज से हरा नहीं पाई है। टीम को पिछली जीत 2014-15 के सीजन में मिली थी। तब स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 2-0 से हराया था। उसके बाद की चारों सीरीज में भारतीय टीम को 2-1 से जीत मिली।

# पाक को पहला टी-20 हराया

ब्रिसबेन। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच टी-20 सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण 7-7 ओवर का हुआ। ब्रिसबेन में गुरुवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट खोकर 93 रन बनाए। पाकिस्तान 9 विकेट खोकर 64 रन ही बना सका।

ऑस्ट्रेलिया से नाथन एलिस और जैवियर बार्टलेट ने 3-3 विकेट लिए। ग्लेन मैक्सवेल ने 19 बॉल पर 43 और मार्कस स्टोयनिस ने 7 बॉल पर 21 रन बनाए। पाकिस्तान से अब्बास अफरीदी ने 2 विकेट लिए। पहला टी-20 जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मैच 16 नवंबर को सिडनी में खेला जाएगा। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम ने पहले ओवर में 16 रन बना दिए। जैक फ्रेजर-मैगर्क 9 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद उतरे ग्लेन मैक्सवेल ने तेज गेंदबाजों के



खिलाफ भी रिवर्स स्वीप लगाए। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 10 हजार रन भी पूरे कर लिए। पावरप्ले के 2 ओवरों में 33 रन बनाने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया ने तेजी से रन बनाए। मैथ्यू शॉर्ट 7 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन मैक्सवेल ने 19 गेंद पर 5 चौके और 3 छक्के लगाकर 43 रन बना दिए। उनके बाद टिम डेविड ने 10 और स्टोयनिस ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 4 ही विकेट गंवाकर 7 ओवर में 93 रन बना दिए। पाकिस्तान से अब्बास अफरीदी ने 2 विकेट लिए। 1-1 विकेट नसीम शाह और हारिस रऊफ को मिला। पाकिस्तान ने 94 रन के टारगेट के सामने शुरूआती 2 गेंदों पर चौके लगाए। इस ओवर में स्पेंसर जॉनसन ने शाहिबजादा फरहान को कैच आउट करा दिया। फरहान ने 8 रन बनाए। उनके बाद बाबर आजम 3, उस्मान खान 4, आगा सलमान 4 और हसीबुल्लाह खान 12 रन बनाकर आउट हो गए। इरफान खान, नसीम शाह और कप्तान मोहम्मद रिजवान खाता भी नहीं खोल सके। पाकिस्तान से आखिर में अब्बास अफरीदी ने 10 बॉल पर 20 रन बनाए। वहीं शाहीन अफरीदी 11 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया से जैवियर बार्टलेट और नाथन एलिस ने 3-3 विकेट लिए। एडम जम्पा को 2 और स्पेंसर जॉनसन को 1 विकेट मिला। पाकिस्तान ने इससे पहले वनडे सीरीज का भी पहला मैच हारने के बाद कमबैक किया था। टीम ने पहला मैच 7 विकेट से हारने के बाद बाकी दोनों वनडे जीत लिए थे। यह ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान की 22 साल बाद वनडे सीरीज जीत थी। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक कोई टी-20 सीरीज नहीं जीती है।

## हॉकी टीम ने थाईलैंड को 13-0 से हराया, खुशी

राजगीर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में थाईलैंड को 13-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम ने अपनी इस तीसरे मुकाबले में विरोधी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। भारत की ओर से दीपिका ने पांच गोल किये ये गोल दीपिका ने तीसरे, 19वें, 43वें, 45वें, 45वें मिनट में दागे जबकि प्रीति दुबे ने दो गोल नौवें, 40वें मिनट में किये। लालरेमसियामी ने 12वें और 56वें व ब्यूटी डुंगडुंग ने 30वें मिनट में एक गोल किया। नवनीत ने 53वें और मनीषा चौहान ने 55वें, 58वें मिनट में एक-एक गोल किए। लालरेमसियामी ने इस मैच में उतरने के साथ ही अपने 150 मैच पूरे किये। वहीं प्रीति दुबे ने अपने 50 मैच पूरे किए। भारत ने पहले क्वार्टर में बेहतरीन प्रदर्शन किया। दीपिका ने तीसरे मिनट में ही गोल दाग कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। अपना 50वां मैच खेल रही प्रीति ने एक गोल कर भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया।

# राहुल को अभ्यास के दौरान लग गई गेंद

## पहला टेस्ट 22 नवंबर से शुरू होगा, इंडिया व ऑस्ट्रेलिया के बीच होगी भिड़ंत

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले चोटिल हो गये हैं। राहुल को अभ्यास के दौरान दायीं कोहनी में एक गेंद लग गयी थी। इसके कारण उन्हे मैदान से बाहर जाना पड़ा। वाका में तीन दिनों के नेट सत्र के बाद भारत ने मैच की तैयारी शुरू कर दी, जहां राहुल ने राहुल ने बल्लेबाजी के दौरान 29 रन बनाए पर तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक बाउंसर उनके दाहिने कोहनी पर लग गई जिसके बाद वह दर्द के कारण परेशान दिखे ।

राहुल काफी असहज महसूस कर रहे थे और टीम फिजियो के पास जाने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। राहुल को पहले टेस्ट के लिए यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत के लिए संभावित खिलाड़ियों में से एक माना जा रहा है , ऐसे में उनकी चोट से टीम की तैयारिकयों को झटका लगा है। वहीं विराट कोहली ने कहा कि वह पर्थ में चोट के लिए स्कैन करवा रहे हैं। आउट होने से पहले उन्होंने कुछ शानदार कवर ड्राइव जरूर लगाए थे। राहुल के अलावा कोहली ने भी अभ्यास में भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया में कोहली का रिकॉर्ड बेहद




शानदार है। यहां उन्होंने 13 मैचों में 54.08 की औसत से 1352 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच में कोहली, यशस्वी, शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल को पीछे की ओर कैच आउट किया गया, जबकि ऋषभ पंत को नीतीश कुमार रेड्डी ने कैच आउट किया। यहां पहला टेस्ट 22 नवंबर से शुरू होगा।

**ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हुए सरफराज : पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले ही भारतीय खिलाड़ियों का चोटिल होना शुरू हो गया है। बल्लेबाज सरफराज खान को अभ्यास के दौरान कोहनी में चोट लगी है। भारतीय टीम पहले टेस्ट के लिए पर्थ के वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (वाका) मैदान में अभ्यास कर रही थी इसी दौरान एक गेंद सरफराज को लगी। सरफराज के हालांकि पहले टेस्ट के लिए फिट हो जाने की उम्मीद है। मध्यक्रम में भारत के पास अनुभवी केएल राहुल हैं, इसलिए सरफराज को पहले ही जगह मिलना मुश्किल है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलया ए के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन कर ध्रुव जुरेल की दावेदारी भी सरफराज से ऊपर है। जुरेल ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज में दबाव के हालातों में 80 और 68 रनों की पारी खेली। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू सीरीज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और लगातार दो अर्धशतकों के साथ अपनी यात्रा शुरू की। वहीं सरफराज का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।

# गरम मसाला है 'कॉपी' फिल्म

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम तीन बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आ चुके हैं। तीनों ही बार उनकी जोड़ी ने कमाल किया और दर्शकों को ये फिल्में पसंद भी आईं। देसी बॉयज में उनका ग्लैमर गेम देखने को मिला, वहीं हाउसफुल 2 में उन्होंने ब्रो जोन की दुनिया बनाई। दोनों ही फिल्में कॉमेडी जॉनर की थीं और लोगों को खूब हंसाया, लेकिन इन फिल्मों के अलावा एक फिल्म ऐसी भी थी जो 2005 में बड़े पर्दे पर आई और क्लासिक कहलाई। इस फिल्म में दोनों की खूब तारीफ हुई, जो कॉमेडी जॉनर की ही है और इसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम ने गरम मसाला के साथ बॉलीवुड को एक बेहतरीन कॉमेडी फिल्म दी।



प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित 2005 की इस भारतीय हिंदी भाषा की कॉमेडी फिल्म में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में हैं। परेश रावल, रिमी सेन, मनोज जोशी और राजपाल यादव ने भी सहायक भूमिकाएँ निभाई हैं। कहानी मैक के रूप में अक्षय कुमार और सैम के रूप में जॉन अब्राहम के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दो शरारती फोटोग्राफर हैं जो बेफिक्र ज़िंदगी जी रहे हैं। दोनों कुंवारे हैं और स्वभाव से कैसेनोवा भी हैं। उनकी ज़िंदगी तब मुसीबतों से घिर जाती है जब वे दोनों कई लड़कियों के चक्कर में फंस जाते हैं। ये सभी लड़कियाँ एयर होस्टेस हैं। बैक-टू-बैक झूठ के कारण कहानी में लगातार हंसी आती रहती है। यह फिल्म 1992 की मलयालम फिल्म मीसा माधवन की रीमेक है और अपनी ऑन-पॉइंट कॉमेडी और मुख्य अभिनेताओं के बीच की केमिस्ट्री के लिए जानी जाती है। गरम मसाला की तेज-तर्रार, मसालेदार और मनोरंजक कहानी किसी लजीज बिरयानी से कम नहीं है, जिसमें हर स्वाद है। वैसे आपको बता दें, गरम मसाला और मीसा माधवन दोनों ही एक विदेशी फ्रेंच नाटक पर आधारित हैं, जिसका खुलासा अब 19 साल बाद हुआ है। सोशल मीडिया पर एक तुलनात्मक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद लोग कह रहे हैं कि यह फिल्म भी कॉपी-पेस्ट निकली। हम जिस फ्रेंच नाटक की बात कर रहे हैं उसका नाम बोइंग बोइंग है और इसके अब तक कई रीमेक बन चुके हैं, जिनमें से एक गरम मसाला भी है। कौन सोच सकता था कि गरम मसाला भी रीमेक होगी? जी हां, आपने सही पढ़ा, प्रियदर्शन की यह फिल्म भी रीमेक ही निकली।

## अभिषेक और ऐश्वर्या के बीच तलाक!

मुंबई। इन अफवाहों के बीच, सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहने वाली निमरत ने अपने नवीनतम वीडियो में अपनी गायन प्रतिभा दिखाई। वह क्लिप में फिर छिड़ी रात बात फूलों की गाना गाती हुई सुनाई दे रही हैं। वैसे, यह गाना मूल रूप से 1982 की फिल्म बाजार का है और इसे खय्याम ने कंपोज किया है। इसके बोल मखदूम मोहिउद्दीन ने लिखे हैं और लता मंगेशकर और तलत अजीज ने गाया है। कुछ ही समय में, नेटिजन्स ने कमेंट सेक्शन को तारीफों से भर दिया। एक यूजर ने लिखा, निमरत कौर गाने से ज्यादा, आपकी भक्ति और ऊर्जा बहुत प्रभावशाली है! मुझे इसका हर एक अंश पसंद आया, दूसरे ने कहा, आपको अपनी मधुरता के लिए जेल जाना चाहिए। तीसरे यूजर ने लिखा, आध्यात्मिक आवाज। आप एक जलपरी की तरह लगती हैं। अभी



तक न तो अभिषेक और न ही ऐश्वर्या ने अफवाहों के बारे में कुछ कहा है। पूरे बच्चन परिवार ने अभिषेक और निमरत के अफेयर की अफवाहों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देने का फैसला किया है। लेकिन परिवार के एक करीबी सूत्र ने जूम को बताया कि, इन अफवाहों में जरा भी सच्चाई नहीं है। हमें आश्चर्य है कि महिला (निमरत कौर) ने इनकार क्यों नहीं किया। अभिषेक अपनी पत्नी को धोखा देने वाले लोगों में से नहीं हैं। वे अपनी पत्नी के प्रति पूरी तरह से वफादार रहे हैं। जब शादी में उथल-पुथल मची हुई है, तो वे अचानक से अलग क्यों हो गए? ऐसी अफवाहें हैं कि अभिषेक और ऐश्वर्या अलग हो रहे हैं और ग्रे तलाक लेंगे। जुलाई 2024 में अनंत अंबानी की राधिका मर्चेंट के साथ शादी में ऐश्वर्या और आराध्या के अलग-अलग पहुंचने के बाद उनके तलाक की अफवाहें शुरू हुईं।

# जब धनुष पर भड़कीं नयनतारा

मुंबई। नयनतारा ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया पर धनुष को एक ओपन लेटर साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी आगामी डॉक्यूमेंट्री, नयनताराः बियॉन्ड द फेयरी टेल में अपने प्रोडक्शन हाउस की फिल्म के फुटेज का उपयोग करने के लिए एक्टर धनुष पर भड़ास निकाली है। बता दें कि, धनुष ने नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री के लिए अपनी फिल्म नानुम राउडी धान की क्लिपिंग यूज करने की इजाजत नहीं दी थी। इसके बाद डॉक्यूमेंट्री में 3 सेकेंड की बिहाइंड द सीन्स क्लिप इस्तेमाल की गई है। इस क्लिप को लेकर धनुष ने नयनतारा को 10 करोड़ का लीग नोटिस भेज दिया। इसके चलते लीगल नयनतारा ने धनुष पर भड़ास निकाली रही है। नयनतारा ने धनुष पर उनके खिलाफ प्रतिशोध रखने का आरोप लगाया, क्योंकि धनुष ने उन्हें कानूनी नोटिस दिया था, जिसमें उन्होंने उनके द्वारा निर्मित फिल्म के क्लिप के उपयोग पर आपत्ति जताई थी। शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक खुले पत्र में, नयनतारा ने नानुम राउडी धान के गाने और दृश्यों का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए धनुष पर कटाक्ष किया।

उन्होंने सवाल किया कि क्या धनुष का निर्णय व्यावसायिक चिंताओं के बजाय व्यक्तिगत द्वेष से उपजा है, उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने दशक पुरानी फिल्म के निर्माण के दौरान व्यक्तिगत उपकरणों पर शूट की गई तीन सेकंड की क्लिप के लिए ?10 करोड़ की मांग की थी। नयनतारा ने इस कदम को धनुष के लिए अब तक का सबसे निचला स्तर बताया, जिन्हें वह अपना पूर्व मित्र बताती थीं।

क्या एक निमार्ता सेट पर सभी के जीवन, स्वतंत्रता और स्वतंत्रता को नियंत्रित करने वाला सम्राट बन जाता है? सम्राट के आदेश से कोई भी विचलन कानूनी प्रभाव को आकर्षित करता है? एक्ट्रेस ने अपने तीन पेज के बयान में लिखा। यह पुष्टि करते हुए कि वह कानूनी रूप से जवाब देंगी, नयनतारा ने मुद्दे के नैतिक पक्ष पर प्रकाश डाला, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि भगवान की अदालत में इसका बचाव किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, नानम राउडी धान की रिलीज को लगभग 10 साल हो गए हैं, नकाब के पीछे घृणित व्यवहार जारी है।



## विदेशी संपत्ति, आय का खुलासा न करने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने करदाताओं को आगाह किया कि आईटीआर में विदेश में स्थित संपत्ति या विदेशों में अर्जित आय का खुलासा न करने पर कालाधन विरोधी कानून के तहत 10 लाख रुपये का जुमार्ना लग सकता है। विभाग ने हाल ही में शुरू किए गए अनुपालन-सह-जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि करदाता आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में ऐसी जानकारी दर्ज करें। परामर्श में स्पष्ट किया गया है कि पिछले वर्ष में भारत के कर निवासी के लिए विदेशी परिसंपत्ति में बैंक खाते, नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी अनुबंध, किसी इकाई या व्यवसाय में वित्तीय हित, अचल संपत्ति, अभिरक्षक खाता, इक्विटी और ऋण हित, ट्रस्ट जिसमें व्यक्ति ट्रस्टी है, सेटलर का लाभार्थी, हस्ताक्षर प्राधिकारी वाले खाते, विदेश में रखी गई कोई पूंजीगत परिसंपत्ति आदि शामिल हैं। विभाग ने कहा कि इस मानदंड के अंतर्गत आने वाले करदाताओं को अपने आईटीआर में विदेशी परिसंपत्ति (एफए) या विदेशी स्त्रोत से आय (एफएसआई) अनुसूची को अनिवार्य रूप से भरना होगा, भले ही उनकी आय कर योग्य सीमा से कम हो या विदेश में संपत्ति प्रकट स्त्रोतों से अर्जित की गई हो। परामर्श के अनुसार, आईटीआर में विदेशी संपत्ति/आय का खुलासा न करने पर काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत 10 लाख रुपये का जुमार्ना लग सकता है। कर विभाग के लिए प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा था कि अभियान के तहत वह उन निवासी करदाताओं को सूचनात्मक एसएमएस और ईमेल भेजेगा, जिन्होंने पहले ही आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है। यह संचार ऐसे व्यक्तियों को भेजा जाएगा, जिनकी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत प्राप्त जानकारी के माध्यम से पहचान की गई है।

# ओयो के संस्थापक निवेश करने को तैयार

नई दिल्ली। आज के समय में ओयो कंपनी को कौन नहीं जानता है। ओयो कंपनी के संस्थापक और सीईओ रितेश अग्रवाल ने हाल ही में नया ऐलान किया है। रितेश अग्रवाल के मुताबिक कंपनी अब वैश्विक स्तर पर विस्तार करने की तैयारी में जुट गई है। इसे देखते हुए कंपनी के मालिक अब 550 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले है।

रितेश अग्रवाल 42.60 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 12.9 करोड़ से ज्यादा शेयर खरीदने वाले हैं। इस कदम के बाद ओयो में उनकी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से बढ़कर 32 प्रतिशत हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस निवेश के बाद ओयो की कीमत करीब 32,000 करोड़ रुपये होने की संभावना है। इस फंडिंग से अमेरिका स्थित आतिथ्य श्रृंखला मोटेल 6 और स्टूडियो 6 के हाल ही में हुए अधिग्रहण के वित्तपोषण में मदद मिलेगी। कंपनी ने सितंबर में ब्लैकस्टोन रियल एस्टेट से 525 मिलियन डॉलर में पूर्णतः नकद लेनदेन में जी6 हॉस्पिटैलिटी का अधिग्रहण करने की घोषणा की थी, जो एक लॉजिंग फ्रेंचाइजर और प्रतिष्ठित मोटेल 6 तथा स्टूडियो 6 ब्रांडों की मूल कंपनी है।

ओयो 2019 में इस क्षेत्र में अपने लॉन्च के बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने पदचिह्न का विस्तार कर रहा है और 35 राज्यों में 320 से अधिक होटल संचालित करता है। वर्ष 2023 में, इसने अपने अमेरिकी पोर्टफोलियो में लगभग 100 होटल जोड़े और 2024 में लगभग 250 होटल जोड़ने का लक्ष्य रखा है। अग्रवाल के प्रस्ताव को 9 दिसंबर को कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) के दौरान विशेष प्रस्ताव के रूप में लिया जाएगा।

बता दें कि शेयर की यह खरीद अगस्त 2024 में उनकी आखिरी खरीद से 45 प्रतिशत प्रीमियम पर है। अग्रवाल ने 830 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ओयो में कंपनी के सीरीज जी राउंड का नेतृत्व किया। ओयो के 175 मिलियन डॉलर के अंतिम फंडिंग राउंड, जिसका नेतृत्व अग्रवाल ने किया था, में विभिन्न पारिवारिक कार्यालयों और निजी निवेशकों जैसे इनक्रेड वेल्थ, जेएंडए पार्टनर्स - मैनकाइंड फार्मा प्रमोटर्स के पारिवारिक कार्यालय, एएसके फाइनेंशियल होल्डिंग्स और स्टार निवेशक आशीष कचोलिया की भागीदारी भी शामिल थी।

**खाद की कालाबाजारी रोकने के लिये करें विशेष व्यवस्था : लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में खाद की किल्लत की खबरों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उर्वरक की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिये एक विशेष व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खाद की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक विशेष व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया। आदित्यनाथ ने कहा कि जिला स्तर पर अधिकारियों की एक टीम बनाई जाए, जो वितरण प्रक्रिया पर नजर रखे और नियमित रूप से रिपोर्ट पेश करे।

इस व्यवस्था के जरिये यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खाद की कालाबाजारी या जमाखोरी न हो। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।

## जल टैक्सियों के शुरू होने से मिलेगी काफी सहूलियत

ठाणे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रस्तावित जल टैक्सी सेवा से लोग मुंबई में कहीं से भी आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक 17 मिनट में पहुंच सकेंगे। इससे यात्रा का समय कम होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री रविवार रात महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने मुंबई तथा ठाणे में संपर्क में बदलाव लाने और यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के मकसद से सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को रेखांकित किया। राज्य में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। नवी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन मार्च 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। गडकरी ने कहा कि प्रस्तावित जल टैक्सी सेवा शुरू होने पर यात्रियों को मुंबई के किसी भी हिस्से से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय



हवाई अड्डे तक पहुंचने में केवल 17 मिनट लगेंगे। मंत्री ने कहा कि इस पहल का समर्थन करने के लिए हवाई अड्डे के पास जेटी का निर्माण पहले ही किया जा चुका है।

उन्होंने कहा, मुंबई और ठाणे के आसपास के विशाल समुद्री मार्गों का इस्तेमाल कर हम यातायात की भीड़ और वायु प्रदूषण को काफी हद तक कम कर सकते हैं। मुंबई और पुणे में यातायात संबंधी समस्याओं पर गडकरी ने नयी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके पूरी तरह शुरू हो जाने पर बाहरी यातायात का मार्ग परिवर्तित हो जाएगा तथा महानगरीय क्षेत्रों में भीड़भाड़ कम हो जाएगी।

# भाजपा नेता व बेटे को पुलिस ने पीटा



भिनगा (श्रावस्ती)। भिनगा नगर के अशोक तिराहे पर शुक्रवार की रात मामूली बात को लेकर भाजपा नेता की पुलिस से झड़प हो गई। पुलिसकर्मी ने व्यस्ततम अशोक तिराहे पर भाजपा नेता और उनके पुत्र की पिटाई कर दी। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। भिनगा नगर के खैरी मोड़ निवासी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व प्रतिष्ठित व्यापारी राजेश कुमार गुप्ता अपने पुत्र हैप्पी के साथ चारपहिया वाहन से संभारपुरवा स्थित अपने पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। नगर के अशोक तिराहे के पास पीछे से स्कूटी से आ रहे कुछ लोगों से किसी बात को लेकर उनके पुत्र से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।

स्कूटी सवार को भी पुलिसकर्मी बताया जा रहा है। विवाद के दौरान अशोक तिराहे वर्दी में मौजूद पुलिस कर्मी के सामने स्कूटी सवार ने भाजपा नेता और उनके पुत्र को गाली दी। नेता के पुत्र ने वर्दी में मौजूद पुलिस कर्मी से इस गाली पर आपत्ति जताई तो वदीर्धारी पुलिस कर्मी ने भी गाली देते हुए बात शुरू की। भाजपा नेता के बेटे ने गाली का जवाब गाली से इसके बाद स्कूटी सवार कथित पुलिसकर्मी ने वर्दी में मौजूद पुलिस कर्मी के साथ मिलकर भाजपा नेता और पुत्र की पिटाई शुरू कर दी। व्यस्ततम अशोक तिराहे पर हुई इस घटना को स्थानीय लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

भिनगा सीओ संतोष कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी घनश्याम चौरसिया से मिलकर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध पर कार्रवाई की मांग की है। पार्टी पूरी तरह कार्यकर्ता के साथ है। एसपी ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**हादसे में बाइक सवार दंपती व पुत्र-पुत्री घायल : इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना क्षेत्र के इटवरिया रेहारनपुरवा गांव के पास ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर पर दी। इससे एक ही बाइक पर सवार दंपती व बेटा-बेटी लोग घायल हो गए। इलाज के लिए घायलों को इकौना सीएचसी लाया गया। यहां पति की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के लिए रेफर कर दिया। इकौना के लालपुर खदरा निवासी शिवराम पत्नी पुष्पा देवी, बेटी रूबी व बेटे विकास के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर अक्षय नवमी मेला देखने सीताद्वार जा रहे थे। इटवरिया रेहारनपुरवा गांव के निकट सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार सभी घायल हो गए।

## छात्रा पर शादी का दबाव बनाने वाले पर प्राथमिकी

मैनपुरी। कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला में छात्रा पर शादी का दबाव बनाने वाले आरोपित के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। तलाकशुदा आरोपित छात्रा को स्कूल आते-जाते समय परेशान करता था। पीड़िता की मां ने घटना की तहरीर दी। अब पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई है।कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ले की रहने वाली एक छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 17 दिनों से एक तलाकशुदा युवक उसे रोक कर परेशान कर रहा है।

आरोपित कभी हाथ पकड़ता है तो कभी फोन नंबर मांगता है। शनिवार को जब वह स्कूल जा रही थी, तभी कृष्णा टाकीज रोड पर वह जबरन उन्हें बाइक पर बैठाने का प्रयास करने लगे। बाइक पर बैठने से मना करने पर आरोपित ने अपना मोबाइल नंबर थमा दिया। जब पीड़िता के भाई ने मोबाइल नंबर पर काल की तो आरोपित ने कहा कि छात्रा से शादी करना चाहता है और अगर शादी नहीं की तो उसे जान से मार दूंगा।

# अफसर अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचीं

## हरियाणा की टीम ने फरह में पकड़ा लिंग परीक्षण

फरह/मथुरा। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बोगस ग्राहक बनाकर फरह में फरह में लिंग परीक्षण के अवैध धंधे का सच उजागर कर दिया। महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि तीन लोग फरार हो गए हैं। दलाल ने बताया, अब तक 100 महिलाओं का लिंग परीक्षण करा चुका है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

हरियाणा से गर्भवती महिलाओं को लिंग परीक्षण की जांच कराने के लिए मथुरा लाया जाता था। इस अवैध कारोबार में लगी टीमें एक महिला से 15 से 20 हजार रुपये तक लेती थी। गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी पर मेडिकल ऑफिसर डा.सुमित धनकर व डा. रवि की टीम गठित की।

टीम ने नकली ग्राहक श्रष्टि द्विवेदी को तैयार किया। टीम ने रविंद्र निवासी तिगड़ी गोल चक्कर ग्रेटर नोएडा सुदामापुरी से संपर्क किया। 15 हजार रुपये में लिंग परीक्षण का सौदा तय हुआ। शनिवार को रविंद्र दोनों को लेकर गांव बेरी गढ़ी, फरह मथुरा की सीमा पर आकर रुका। टीमें इनके पीछे लगी थीं। रविंद्र ने नीरज चौधरी को बुलाया। थोड़ी देर बाद एक कार आकर रुकी। इसमें नीरज चौधरी, संदीप व लक्ष्मी पहले से मौजूद थीं। दोनों को कार में बैठा लिया।

गांव बेरी गढी में वीरेंद्र के मकान में ले जाकर अपने साथ लाए अल्ट्रासांउड मशीन से श्रष्टि व लक्ष्मी का लिंग परीक्षण के लिए अल्ट्रासांउड किया। टीम ने मथुरा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। टीम ने लक्ष्मी व रविंद्र को दबोच लिया। रविन्द्र ने पूछताछ में बताया, उसने 100 महिलाओं से अधिक का लिंग परीक्षण करा चुका है। देर रात डा.चित्रेश कुमार ने फरह थाने में रविंद्र कुमार, लक्ष्मी, रविंद्र, नीरज और संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया, लक्ष्मी और रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश में टीमें जुटी हुई हैं।

सीएमओ डा.एके वर्मा ने बताया, अवैध तरीके से लिंग परीक्षण करने वाले बाहर के हैं। वह कार में पोर्टेबल मशीन को रखकर अलग-अलग जिलों पर लिंग परीक्षण करते हैं। इस मामले में कार्रवाई कराई गई है। लोक निर्माण विभाग की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। शिकायत पर एसडीएम ने एक व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के सिपुर्द कर दिया।

मौके से जेसीबी, डंपर सीज किए गए हैं। गोकुल बैराज के समीप लोनिवि प्रांतीय खंड की जमीन है। एसडीएम आदेश कुमार शिकायत पर सीओ के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां कब्जा की कोशिश हो रही थी। तीन मिट्टी से भरे डंपर, जेसीबी के साथ पप्पू को पकड़ लिया। एसडीएम ने बताया, लोनिवि की जमीन पर कब्जा की कोशिश हो रही थी, थाने में मामला दर्ज कराकर कार्रवाई की जा रही है।

## पत्नी को नशीला पदार्थ खिलाकर कराया दुष्कर्म

आगरा। एत्माद्दौला की रहने वाली महिला ने पति से तलाक के बाद पांच वर्ष पूर्व क्षेत्र के मुस्लिम युवक से निकाह कर लिया। एक माह पूर्व पति अपने अछनेरा के गांव बिहारा के निसार को लेकर घर आया। खाने में नशीला पदार्थ खिला कर दोस्त से पत्नी के साथ दुष्कर्म कराया। इसके बाद पत्नी से दो लाख रुपये मांगने लगा।मना करने पर पत्नी को वीडियो भेज प्रसारित करने की धमकी दी।वीडियो देख पत्नी परेशान हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वो मजदूरी कर 12 वर्ष के बेटे का पालन करती है। पति कुछ माह से महीने में कुछ ही दिन आता था। बीते माह पति अपने दोस्त के साथ घर आया था। बाजार से खाने का सामान लाकर उसे और पुत्र को खिलाया। खाना खाने के बाद वो बिस्तर पर लेट गई। सुबह देर से आंख खुली। उस समय गौर नहीं किया। इसके बाद पति ने जरूरत बता कर पांच हजार रुपये मांगे तो उसने दे दिए। इसके बाद 16 नवंबर को फोन कर दो लाख रुपये मांगे। मना करने पर दूसरे व्यक्ति के साथ अश्लील वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। उसके मोबाइल पर वीडियो भेजा। वीडियो में खुद को पति के दोस्त के साथ देखकर वो परेशान हो गई। थाना पुलिस से शिकायत की।

इंस्पेक्टर एत्माद्दौला राजेंद्र त्यागी ने बताया कि आरोपित पति से पूछताछ करने पर उसने पहले पत्नी पर नशे में गलत काम करने का आरोप लगाया। वीडियो में महिला और उसका पुत्र बेहोश नजर आए। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपितों ने अपराध स्वीकार कर लिया। मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेजा गया है।

# ट्रिपल राइडिंग करने वालों की आई शामत

मथुरा। यातायात माह में पुलिस की कार्रवाई और व्यवस्थाओं को देखने के लिए जींस और शर्ट पहनकर एसपी ट्रैफिक शहर में निकल पड़े। चौराहों पर ट्रैफिक कर्मी कहीं पर बैठे नजर आए तो कहीं ग्रुप में बतियाते दिखे। बिना हेलमेट पहने व तीन सवारियों के साथ बाइक सवार बिना किसी डर के निकलते रहे।

एसपी ने पुलिस कर्मियों को फटकार लगाकर खड़े होकर चालान कटवाए। एसपी ट्रैफिक की कार्रवाई को देख यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों में अफरा-तफरी मची रही।

नीले रंग की जींस और शर्ट पहनकर एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव शनिवार दोपहर एक बजे शहर में यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले। नए बस स्टैंड, भूतेश्वर तिराहा, डीग गेट, कृष्णा नगर होते हुए एसपी गोवर्धन चौराहा पहुंचे। कई स्थानों पर एसपी को पुलिस की कार्रवाई नहीं दिखी। एसपी को बस स्टैंड के पास पुलिसकर्मी दिखाई नहीं दिए। भूतेश्वर तिराहे के पास पुलिसकर्मी एक साइड पर ग्रुप में बात करते नजर आए। डीग गेट के पास श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर टेंपो व ई-रिक्शा की भीड़ दिखी। कृष्णा नगर होते हुए गोवर्धन चौराहा पहुंचे। यहां भी ट्रैफिक कर्मी खड़े दिखे। उन्हें फटकारा और बिना हेलमेट और तीन सवारियों के साथ बाइक



चलाने वालों को पकड़ा।

शनिवार को पुलिस कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट पहने कई बाइक सवारों ने छोड़ने के लिए पुलिस कर्मियों के हाथ जोड़े, लेकिन पुलिस कर्मी एसपी ट्रैफिक के आगे बेबस दिखाई दिए। पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों से कहा, साहब खड़े हैं, हाथ जोड़ने से काम नहीं चलेगा। इसके बाद यातायात नियम तोड़ने वालों के चालान काटे गए।

**तहसीलों में पहुंचे फरियादी, डीएम-एसएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं :** जनशिकायतों के निस्तारण के लिए शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय ने छाता तहसील सभागार में जनसमस्याएं सुनीं। डीएम ने जनशिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता के साथ साथ गुणवत्ता पर भी जोर दिया। शनिवार को छाता तहसील पहुंचे डीएम-एसएसपी के समक्ष फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। छाता तहसील दिवस में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से एक का निस्तारण मौके पर किया गया। जबकि शेष शिकायतों को जांच के बाद कार्रवाई के लिए रखा गया। संबंधित अधिकारियों को भी शिकायतों के सही निस्तारण के लिए कहा गया।

## मथुरा पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया शातिर बदमाश, साथी फरार

सुरीर/मथुरा। यमुना एक्सप्रेस-वे के टैंटीगांव अंडरपास पुल के समीप सर्विस रोड पर शनिवार की रात मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि उसका साथी बदमाश चकमा देकर भाग जाने में सफल रहा। यह बदमाश ग्राहक बनकर दुकानों से नगदी चोरी की घटनाएं कर रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीवकांत मिश्रा ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस-वे के टैंटीगांव अंडरपास पुल के समीप सर्विस रोड पर शनिवार की रात एसओजी और सुरीर पुलिस की बाइक पर सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक बदमाश नबाव निवासी गांव राल थाना जैंत हाल निवासी द्वारकेश नगर थाना हाइवे को गिरफ्तार किया है। जो पैर में गोली लगने से घायल हो गया है, जबकि उसका साथी फरमान निवासी सुखदेव नगर सौंख रोड थाना कोतवाली भाग जाने में सफल रहा है।

इन बदमाशों ने एक गैंग बना रखी है। जो ग्राहक बनकर दुकानों पर जाते हैं और सामान खरीदने के बहाने दुकानदारों को गुमराह कर दुकान के गल्ले से नगदी चोरी कर ले जाते हैं। सुरीर और टैंटीगांव में कई दुकानों से हजारों रुपये की नगदी चोरी करने में यह बदमाश शामिल थे। पुलिस ने बताया कि फरमान गैंग शहर और गांवों में दुकानों पर ग्राहक बनकर जाते थे। दुकानदार को चकमा देकर गल्ले से रकम चुरा ले जाते थे। गैंग में फरमान और नबाव के अलावा सलमान निवासी सुखदेव नगर थाना कोतवाली, गुलफाम हाल निवासी नसबंदी कालोनी दिल्ली और पूर्व पता द्वारकेश नगर दिल्ली वाली बाउंड्री थाना हाइवे और समीर निवासी उपरोक्त शामिल हैं।सुरीर में भाजपा नेता जितेंद्र वार्ष्णेय की बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में ग्राहक बनकर आए बदमाश गल्ले में रखे 35 हजार रुपए चोरी कर ले गए थे। टैंटीगांव में ज्ञानेंद्र कुमार की परचून की दुकान के गल्ले से 50 हजार रुपये निकाल ले गए थे। दोनों घटनाओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें पुलिस ने घटना में शामिल गैंग तक पहुंच कर दोनों घटनाओं का पर्दाफाश कर दिया है।

# बांकेबिहारी के पूजन को उमड़े भक्त

वृंदावन। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में शनिवार को भी भक्तों की भीड़ का दबाव कम न हुआ। भीड़ से हालात बिगड़ते रहे और घंटों भीड़ के दबाव में श्रद्धालु रेंगते हुए मंदिर तक पहुंचे। विद्यापीठ व जुगलघाट से मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं के ठहराव से हालात बदतर होते रहे। मंदिर की गलियों में सुबह से शाम तक आपाधापी का माहौल बना रहा।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में वीकेंड की सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो गई। मंदिर के रास्तों में पुलिस ने बैरियर पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू किया, तो हालात बदतर होते चले गए। श्रद्धालुओं का दबाल लगातार बढ़ रहा था और आगे बढ़ने की अनुमति श्रद्धालुओं को इसलिए नहीं मिल रही थी कि मंदिर के अंदर ठहराव खत्म नहीं हो रहा था।

मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं के ठहराव ने व्यवस्थाओं को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जबकि गलियों में भीड़ के दबाव में हालात बदतर हो गए। मंदिर चबूतरे पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं में आपाधापी का माहौल बन रहा था। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर सेवायत श्रीनाथ गोस्वामी ने बताया शरद ऋतु में ठाकुर के दर्शन समय के साथ भोग राग और पोशाक में रविवार से बदलाव हो गया है। अब ठाकुरजी को हल्के गर्म कपड़े की पोशाक ही दीपावली के बाद से धारण करवाई गई है। गर्म पोशाक के साथ ठाकुरजी को भोग में सूखे मेवा की मात्रा में



बढ़ोत्तरी कर दी गई है। ठाकुरजी को सर्दी से बचाव के लिए अब फूलों की माला की जगह मोदी का हार पहनाया जाएगा। फूलों से अब ठाकुरजी को दूर रखा जाएगा। मंदिर में भी फूलों की सजावट पर प्रतिबंध हो जाएगा। बांकेबिहारीजी मंदिर में दर्शन सुबह 8.45 से दोपहर 1 बजे और शाम 4.30 से रात 8.30 तक है।

लॉ कमीशन के पूर्व चेयरमैन एवं केंद्रीय लोकपाल सदस्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी शनिवार की शाम ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। न्यायाधीश ने आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में शनिवार की शाम पहुंचे लॉ कमीशन के पूर्व चेयमैन न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी ने मंदिर पहुंचकर आराध्य के दर्शन किए। मंदिर के वीआईपी कटहरे में पहुंचे न्यायाधीश अवस्थी को मंदिर सेवायत गोपी गोस्वामी, श्रीनाथ गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजा-अर्चना करवाई। दर्शन व पूजा के बाद सेवायतों ने न्यायाधीश को ठाकुरजी का प्रसादी अंगवस्त्र व प्रसाद भेंट किया।

## बदायूं में मौसम का बदलाव दिखा, घने कोहरे की चादर में लिपटा जिला, कम दृश्यता के बीच गुजरी पैसेंजर ट्रेन

बदायूं। मौसम में परिवर्तन का असर दिखाई देने लगा है। सुबह के समय अचानक से आए कोहरा से दृश्यता भी कम हो जा रही है। रात का तापमान जहां पिछले सात दिनों के मुकाबले 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरकर 17 से 19 डिग्री तक पहुंच गया है वहीं दिन में भी यही स्थिति है। शहर से सटे ग्रामीणांचल में सुबह के समय कोहरा भी आ रहा है। सुबह 5 से 7:00 बजे के बीच अचानक से तेज कोहरे से सड़क पर दृश्यता भी कम हो जा रही है। सोमवार की सुबह बदायूं बरेली रेल मार्ग पर जब दबतोरी स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन पहुंची तो यहां कोहरा ही दिखा। चालक भी लाइट जलाकर



ही ट्रेन को चलाता हुआ दिखा। स्टेशन पर तो दृश्यता 10 से 30 मी ही थी। अन्य इलाकों में सड़कों पर कोहरा दिखा, लेकिन 7:30 से 8:00 तक यहां पूरी तरह साफ हो गया। यह स्थिति प्रतिदिन की हो गई है। मौसम विज्ञानियों की माने तो तापमान में गिरावट जारी है और अगले 7 से 8 दिन में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। लखनऊ और आसपास के जिलों में सोमवार को भी तापमान में कोई खास अंतर नहीं दिखेगा। अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 11 से 16 नवंबर तक लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा। सुबह के समय कहीं-कहीं छिछला से मध्यम कोहरा छाने की संभावना जताई गई है, जो धीरे-धीरे हल्का होकर साफ हो जाएगा। मौसम में हल्की धुंध की स्थिति रहेगी, लेकिन बाद में आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय जगह-जगह हल्का कोहरा छा सकता है।

# किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश



मथुरा। फरह थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेला देख एक युवक ने किशोरी को हवश का शिकार बनाने की कोशिश की आरोपी युवक ने बुरी नीयत से घर में घुस कर किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और बलात्कार करने की कोशिश की गई। पीड़िता ने बताया आरोपी गांव का ही रहने वाला है वह मुझ पर पहले से संबंध बनाने का दबाव बना रहा था बुधवार को में अपने घर में अकेली थी उसका फायदा उठा कर आरोपी मेरे घर में घुस आया और मुझसे जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा मेरे शोर मचाने पर आरोपी युवक भाग गया।

पीड़िता के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाना फरह में तहरीर दी है। एसएचओ अपराध फरह यशपाल सिंह ने बताया पीड़िता की ओर से तहरीर मिली है पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करा कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

**नगर निगम की भूमि पर कब्जे का मुकदमा दर्ज : वृंदावन।** नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य करवाने वाले तीन आरोपितों के खिलाफ नगर निगम में मुकदमा दर्ज कराया है। राजस्व निरीक्षक गंगाराम ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि राजपुर खादर के खसरा संख्या 111 बटा चार रकबा 1.740 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग के अभिलेखों में रेत के रूप में दर्ज है। नगर निगम की संपत्ति है।

इस भूमि पर थाना मांट के पिरसुआ निवासी कृष्णमुरारी, परिक्रमा मार्ग के मोहिनी नगर, श्यामकुटी मार्ग निवासी कमलेश, मोहिनी नगर निवासी अरविंद ने भूमि पर नगर निगम के लगे बोर्ड को हटाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। 13 नवंबर को सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी की अगुवाई मं उक्त अवैध कब्जे से भूमि को मुक्त करवाकर नगर निगम का बोर्ड लगवाया गया है।

**घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश :** एक गांव में घर में किशोरी को अकेला देख युवक ने बुरी नीयत से पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। मुंह में कपड़ा ठूंसकर दुष्कर्म की कोशिश की गई। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि गांव का एक युवक अनैतिक संबंध बनाने के लिए कई दिन से दबाव बना रहा था। बुधवार को घर में अकेला देख वह घुस आया और उसे पकड़ लिया। उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। शोर मचाने पर वह भाग गया।

## आगरा में खौफनाक वारदात, कैफे में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, सनसनी

आगरा। सदर बाजार स्थित कैफे में युवती को बुलाकर ले गए युवक ने अपने मित्रों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल करके रकम मांगी। रुपये देने से मना करने पर उसकी वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर दी।

मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सोमवार को पीड़िता के बयान कोर्ट में दर्ज कराएगी। पुलिस को जांच में कैफे के सीसीटीवी खराब मिले। कैफे संवालक को नोटिस दिया गया है।छानबीन में पता चला है कि कैफे में बने केबिन घंटों के हिसाब से दिए जाते थे। मामला सदर थाना क्षेत्र का है। युवती 11 नवंबर को कालेज जा रही थी। रास्ते में नगला जस्सा, सदर का यशपाल युवती को अपने मित्रों अरुण और प्रवीन के साथ मिला। उसे बातों के जाल में फंसा लिया। उसे सौदागर लाइन स्थित कैफे एग्जल में लेकर गए। वहां पर तीनों ने युवती से दुष्कर्म किया। आरोप है कि युवती की आपत्तिजनक वीडियो बना ली। इसके बाद यशपाल ने युवती से एक हजार रुपये मांगे। युवती के मना करने पर आरोपितों ने उसकी वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर दी। वीडियो की जानकारी होने पर स्वजन ने युवती से बात की तो उसने सामूहिक दुष्कर्म की जानकारी दी। पीड़िता के पिता ने 14 नवंबर को सदर थाने में आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पिता ने बताया कि घटना के बाद से बेटी दहशत में थी। कई बार उसे लगा कि वह आत्महत्या कर ले, स्वजन के हिम्मत देने पर वह सामान्य हुई। इंस्पेक्टर सदर प्रदीप कुमार ने बताया कि पीड़िता ने घटना एक होटल में कारित होना बताया था। पुलिस की छानबीन में पता चला कि सौदागर लाइन स्थित एक्जल कैफे में घटना हुई है। वहां के सीसीटीवी चेक किए तो खराब थे। कैफे में केबिन बने हुए हैं, जिन्हें घंटों के हिसाब से दिया जाता है। संचालक को नोटिस दिया गया है। आरोपितों यशपाल, प्रवीन और अरुण को रविवार गिरफ्तार कर लिया है।

# सिर में सिलबट्टा मारकर पति की हत्या, घर के बाहर पड़ा था शव, अंदर खून के धब्बे धो रही थी पत्नी

महावन (मथुरा)। जमुनापार थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुहल्ला लोहवन में रात्रि में हुए विवाद के बाद पत्नी ने पति की सिर में सिलबट्टा से प्रहार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद महिला घर के आंगन में खून के धब्बे साफ कर रही थी। नाली में खून बह रहा था। पड़ोसी महिलाओं ने घर के बाहर शव पड़ा देखा तो सनसनी फैल गई।

पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लेकर मृतक के खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। इस मामले में स्वजन ने पत्नी, उसके चचेरे भाइयों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। वहीं महिला के अपने गांव के एक युवक से प्रेम संबंध होने का भी आरोप लगाया है।

लोहवन निवासी अशोक जाटव की शादी 14 वर्ष पहले आगरा के जलेसर रोड स्थित अरेला निवासी भारती देवी से हुई थी। भारती पर दो पुत्र भी हैं। अशोक पेंटिंग का काम



करते थे। अशोक के पिता मनोहर सिंह ने बताया अशोक का अपनी पत्नी से आए दिन विवाद होता था। आरोप लगाया कि भारती के अपने गांव के एक युवक से प्रेम संबंध चल रहे थे। कई बार मायके पक्ष को बुलाकर दोनों को समझाया भी गया। लेकिन, वह नहीं मानी।

आरोप लगाया गुरुवार की रात को अशोक की उसकी पत्नी ने हत्या कर दी। उन्होंने बताया, पड़ोसियों ने बताया कि देर रात तक घर में तेज आवाज पर टीवी चल रही थी। सुबह एक महिला लघुशंका करने के लिए बाहर निकली तो अशोक का शव खड़ंजा पर पड़ा था और शरीर से खून बह रहा था। जबकि, उसकी पत्नी भारती घर के अंदर घर में पोंछा लगा रही थी और नाली से खून बह रहा था।

सीओ सदर संदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल एवं फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। सीओ सदर ने बताया हत्या को लेकर महिला को हिरासत में लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है। मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने बताया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अशोक की मृत्यु का कारण सिर में चोट लगना पाया गया है। आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया, जांच में पाया गया कि अशोक को शक था कि उसकी पत्नी किसी से फोन पर बात करती है। पत्नी के चरित्र पर शक होने की वजह से वह अक्सर घर शराब पीकर आता और मारपीट करता था। गुरुवार को भी वह शराब पीकर आया और पत्नी की फोन पर बात करने को लेकर मारपीट की थी। ज्यादा नशे में सोने के बाद पत्नी भारती ने अशोक के सिर में डंडा व सिलबट्टा से प्रहार कर हत्या कर दी और शव को धकेल कर घर के बाहर गली में डाल दिया।

## लखनऊ-गोंडा हाईवे पर पलटी डबल डेकर बस

गोंडा। गोंडा में बुधवार सुबह एक डबल डेकर बस पलट गएई। हादसे में दो भाई समेत 6 लोग घायल हो गए। दिल्ली से नवाबगंज जा रही डबल डेकर बस गोंडा-लखनऊ हाईवे पर कटरा शहबाजपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पलट गई। हादसे में घायल 6 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बस के चालक व परिचालक के बीच विवाद के कारण घटना घटी है। हादसे की जानकारी के बाद डीएम नेहा शर्मा घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण कर जानकारी हासिल की। घायलों के बेहतर उपचार व हादसे की जांच के निर्देश दिए। श्रीराम ट्रैवल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से यात्रियों को बैठाकर गोंडा के नवाबगंज जा रही थी। बुधवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे बस गोंडा-लखनऊ हाईवे पर कटरा शहबाजपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बस पलटने की सूचना दी। जानकारी पर पुलिस बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को बस से बाहर निकालकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज भेजा गया। घायलों में उमरी बेगमगंज के ऐली परसौली निवासी लल्लू व नीलम, परसपुर के पूरे गजराज निवासी बृजराज शुक्ल, उमरीबेगमगंज के चंद्र प्रकाश पाठक, कौड़िया के जीवन लाल व उनके भाई मिंटू शामिल हैं। बृजलाल और चंद्रप्रकाश की हालात गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय रेफर किया गया है।

शौर्य न्यूज इंडिया
18 नवंबर से 24 नवंबर, 2024

# यूपीएससी विवादः छात्रों के आगे झुकी प्रदेश सरकार

## आंदोलन के बीच आयोग ने वापस लिया दो शिफ्ट, अब पुराने पैटर्न पर होंगी परीक्षाएं, तारीखों का ऐलान होगा जल्द

प्रयागराज। योगी सरकार के हस्तक्षेप के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने दो शिफ्ट, दो परीक्षा के विवादास्पद निर्णय को वापस ले लिया है। आयोग के इस फैसले से पीसीएस और आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी) परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। आयोग के सचिव अशोक कुमार गुरुवार दोपहर करीब 4 बजे कार्यालय से बाहर आए।



उन्होंने कहा, यूपीपीएससी एक दिन में प्रारंभिक परीक्षा कराएगा। समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ, एआरओ) परीक्षा -2023 के लिए आयोग एक कमेटी बनाएगा। कमेटी सभी पहलुओं पर विचार कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी। यानी पीसीएस प्री और आरओ/एआरओ प्री परीक्षा टाल दी गई है। पीसीएस परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को होनी थी, जबकि आरओ/एआरओ परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को प्रस्तावित थी। अब नई तिथि घोषित की जाएगी। प्रयागराज में पिछले चार दिनों से करीब 20,000 छात्रों का आंदोलन चल रहा था। आखिरकार छात्र विरोध प्रदर्शन के आगे सरकार को झुकना पड़ा और इसी के साथ यूपीपीएससी ने फैसला वापस ले लिया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने पैटर्न में बदलाव की घोषणा की। इससे पहले यूपीपीएससी ने पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाएं दो शिफ्टों में आयोजित करने का निर्णय लिया था। इस निर्णय के अनुसार, पीसीएस प्री परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को और आरओ/एआरओ परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को होनी थी। छात्रों का कहना था कि एक ही दिन में दोनों शिफ्टों में अलग-अलग परीक्षा आयोजित करने से उनके लिए तैयारियों में कई प्रकार की दिक्कतें आएंगी। इसके विरोध में छात्रों ने प्रयागराज के आयोग कार्यालय के सामने धरना शुरू कर दिया, जो लगातार चार दिनों तक चला।

**प्रदर्शन के दौरान पुलिस और छात्रों में झड़प :** गुरुवार सुबह छात्रों का प्रदर्शन उस समय उग्र हो गया जब पुलिस ने उन्हें जबरन हटाने की कोशिश की। पुलिसकर्मी सादी वर्दी में आकर धरने पर बैठे छात्रों को उठाने लगे, जिस पर छात्रों ने विरोध जताया। पुलिस के रवैये से नाराज होकर छात्रों ने सड़क पर लेट कर आंदोलन को और तीव्र कर दिया। उनका आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि कुछ ही देर में करीब 10,000 से अधिक छात्र आयोग के नजदीक एकत्र हो गए और बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आयोग के गेट तक पहुंच गए।

**डीएम के मुताबिक जल्द घोषित होगी नई तारीख :** प्रयागराज के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि जल्द ही पीसीएस परीक्षा की नई तारीख की घोषणा की जाएगी। छात्रों के आंदोलन और मांगों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। हालांकि आयोग के फैसले के बाद भी छात्र आयोग कार्यालय के सामने डटे रहे। उनका कहना है कि परीक्षा की प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए और ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिससे अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का अन्याय न सहना पड़े। इस दौरान वहां पुलिस का भारी संख्या में जमावड़ा बना हुआ है।

# ईडी की महाराष्ट्र व गुजरात में 23 जगहों पर छापेमारी

## 170 बैंक शाखाओं की जांच, दावा- फर्जी केवाईसी से अकाउंट खोले, इनसे 125 करोड़ रुपए का लेन-देन

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मालेगांव के व्यापारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी का दावा है कि व्यापारी ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन करने के लिए कई लोगों के बैंक खातों का दुरुपयोग किया है। पीएमएलए के तहत हो रही इस कार्रवाई में महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई में और गुजरात के अहमदाबाद- सूरत में कुल 23 परिसरों की तलाशी ली गई। छापेमारी महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 2,500 से ज्यादा लेन-देन और करीब 170 बैंक शाखाएं जांच के दायरे में हैं। इन खातों से या तो पैसा जमा किया गया या निकाला गया है।

मामला मालेगांव में व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गई एफआईआर से जुड़ा है। शिकायतकर्ता वह व्यक्ति है जिसके बैंक खाते से अवैध लेनदेन किया गया था। आरोप है कि बैंक अकाउंट का इस्तेमाल चुनावी फंडिंग और वोट जिहाद के लिए किया गया था। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होना है। इससे पहले ईडी की जांच को बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। मुख्य आरोपी ने नासिक मर्चेंट कोऑपरेटिव बैंक में बैंक खाते खोलने के लिए करीब एक दर्जन लोगों के केवाईसी पेपर (पैन, आधार) लिए थे। उसने इन लोगों से कहा था कि वह मकई का व्यवसाय शुरू करना चाहता है और इसलिए उसे किसानों से पैसे लेने की जरूरत है। आरोपी ने अपने दोस्तों से केवाईसी पेपर लेकर दो और खाते खुलवाए। ये 14 बैंक अकाउंट, सितंबर और अक्टूबर के बीच खोले गए थे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल




की 200 से ज्यादा बैंक ब्रांच से पैसा 400 से ज्यादा ट्रांजेक्शन के जरिए निकाला या, जबकि 17 खातों के जरिए ट्रांसफर हुआ। इस दौरान ईडी को जांच में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा डेबिट-क्रेडिट एंट्रीज मिली हैं। अब वह कुछ हवाला संचालकों की भूमिका समेत और सबूत जुटाने के लिए तलाशी ले रहा है। मुंबई और अहमदाबाद के दो खातों के बीच 50 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर किए गए हैं। इनमें सिराज अहमद और नईम खान का नाम सामने आया है। ईडी की जांच में पाया गया है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली केवाईसी के जरिए कई बैंक खाते खोले गए। यह आरोप लगाया जा रहा है कि इन खातों का उपयोग वोट जिहाद के उद्देश्य से किया गया जिससे चुनावों में धोखाधड़ी की कोशिश की जा रही थी। बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने 12 नवंबर को यह कहकर सनसनी फैला दी कि इस वोट जिहाद के लिए राज्य में करीब 125 करोड़ रुपए का बेनामी हवाला किया गया है। नवंबर की शुरुआत में सिर्फ 4 दिनों में इतने बड़े पैमाने पर बेनामी लेनदेन हुआ है। सोमैया ने कहा था कि मालेगांव में बड़े पैमाने पर वोट जिहाद चल रहा है। लोकसभा में बीजेपी उम्मीदवार को सिर्फ 100 वोट मिले जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को कुल 194000 वोट मिले। मैं पुलिस, आईटी, ईडी, सीबीडीटी, सीबीआई जैसी एजेंसियों से जांच करने की अपील करता हूं। ऐसी आशंका है कि इस पैसे का इस्तेमाल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में किया जाएगा।

# वक्फ मामले में अमानतुल्लाह खान को राहत, मरियम आरोप मुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत दी है। स्पेशल कोर्ट ने ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह के खिलाफ कई सबूत हैं, लेकिन अभियोजन के पास उनके खिलाफ अभियोग चलाने के लिए कोई धारा नहीं है। कोर्ट ने मरियम सिद्दीकी को भी आरोप मुक्त कर दिया। कोर्ट ने अमानतुल्लाह को एक लाख रुपए के बॉन्ड पर रिहा करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले पर सुनवाई हुई थी, जिसमें ईडी और अमानतुल्लाह खान के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश की थी। दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में ईडी द्वारा आप विधायक के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं, कोर्ट को इसका संज्ञान लेना था। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया था कि मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उसके पास पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने 29 अक्टूबर को 110 पन्नों की सप्लीमेंट्री प्रॉसिक्यूशन शिकायत दायर की थी, जिसमें दावा किया गया था कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित तौर पर भ्रष्टाचार के जरिए धन कमाया है। चार्जशीट में मरियम सिद्दीकी का नाम भी शामिल था, जिसे ईडी ने मामले में आरोपी के तौर पर गिरफ्तार नहीं किया था। ईडी ने कहा था कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में खान और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। बता दें अमानतुल्लाह खान को 2 सितंबर को ईडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले दिल्ली के ओखला में स्थित उनके घर की तलाशी ली गई थी।

# नेपाल की सीमा में घुस रहा ईरानी नागरिक अरेस्ट

लखनऊ। सिद्धार्थनगर जिले में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाल में अवैध तरीके से घुसने की कोशिश कर रहे एक ईरानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार ईरानी नागरिक की पहचान कामरान के रूप में हुई है और वह तेहरान का रहने वाला है। पुलिस और एसएसबी ने उसके पास से चार पासपोर्ट, दो फर्जी आधार कार्ड, दो पहचान पत्र, पांच सिम कार्ड और 13 हजार भारतीय रुपए बरामद किए हैं। मोहाना पुलिस और एसएसबी भारतीय सीमा के ककरहवा इलाके में गहन तलाशी अभियान चला रही थी। उन्होंने बताया कि इस बीच ईरानी नागरिक सीमा को पार करके नेपाल जाने का प्रयास कर रहा था। बताया कि शक होने पर पुलिस ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की और उसके सामान की तलाशी ली तो उसके पास से यह दस्तावेज बरामद हुए। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो साल से दिल्ली में छिप कर रह रहा था।

# बंटेंगे तो कटेंगे का नारा सही नहीं

## जताई आपत्ति : वोट जिहाद बनाम धर्मयुद्ध को भी नकारा

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा है कि 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा सही नहीं है, साथ ही यह अप्रासंगिक भी है और लोग भी इसे पसंद नहीं करेंगे। भाजपा सांसद ने वोट जिहाद बनाम धर्मयुद्ध की बयानबाजी को भी ज्यादा महत्व नहीं दिया।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपनी रैलियों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा लगाते रहे हैं। जब इसके बारे में अशोक चव्हाण से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 'इसकी (नारे की) कोई प्रासंगिकता नहीं है। चुनाव के समय नारे दिए जाते हैं। यह नारा सही भी नहीं है और मुझे नहीं लगता कि लोग भी इसे पसंद करेंगे। व्यक्तिगत रूप से कहूं तो मैं ऐसे नारों के पक्ष

**गरमाई सियासत**

**भाजपा सांसद अशोक चव्हाण बोले- मैं इस नारे के पक्ष में बिल्कुल नहीं**

में नहीं हूं।'

अशोक चव्हाण ने महाराष्ट्र के नांदेड़ के अर्धपुर में कहा, 'हर राजनेता को बहुत सोचने के बाद फैसला लेना होता है। हमें यह भी देखना होगा कि किसी की भावनाएं आहत न हों।' महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने पिछले हफ्ते कहा था कि 'वोट जिहाद' का मुकाबला वोट के 'धर्मयुद्ध' से किया जाना चाहिए। चव्हाण ने कहा कि महायुति और भाजपा की नीति विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र है। उन्होंने कहा कि मैं इसे ज्यादा महत्व नहीं देता। मेरा एकमात्र एजेंडा विकास है। इसलिए पार्टी बदलने के बावजूद लोग मेरे रुख की सराहना करते हैं।

**बहुमत हासिल कर लेगा महायुति गठबंधन :** गौरतलब है कि अशोक चव्हाण लंबे समय तक कांग्रेस में रहे और इसी साल फरवरी में वे भाजपा में शामिल हुए थे। चव्हाण ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि लोकसभा चुनाव में मराठा आरक्षण का ज्यादा असर रहा। लेकिन आम चुनाव के बाद राज्य सरकार ने आरक्षण को लेकर कई फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव का माहौल अच्छा है और लोगों में उत्साह है। यह पूछे जाने पर कि महायुति को 288 सदस्यीय विधानसभा में कितनी सीटें मिलेंगी? इसके जवाब में चव्हाण ने कहा कि उन्होंने राज्य के कुछ हिस्सों का दौरा किया है लेकिन सभी का दौरा नहीं किया है, लेकिन उन्होंने कहा कि सरकार बनाने लायक बहुमत मिल जाएगा।

# थप्पड़ कांडः मीणा की गिरफ्तारी के बाद बवाल

## पचास से ज्यादा लोग घायल, गाड़ियों को भी फूंका, इसमें 10 पुलिसवाले भी शामिल

टोंक। राजस्थान की देवली-उनियारा (टोंक) में वोटिंग के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विधानसभा के समरावता गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गिरफ्तारी हुई। इसके पहले बुधवार रात गांव में हुए बवाल में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसमें 10 पुलिसवाले भी शामिल हैं। पूरे क्षेत्र में 60 से ज्यादा गाड़ियों को भी उपद्रवियों ने फूंक दिया।

दरअसल, समरावता (टोंक) गांव ने उपचुनाव में वोटिंग का बहिष्कार किया था। निर्दलीय प्रत्याशी मीणा भी ग्रामीणों के साथ धरने पर थे। तभी मीणा ने अधिकारियों पर जबरन मतदान करवाने का आरोप लगाया। एसडीएम अमित चौधरी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तब उन्हें थप्पड़ मार दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने वोटिंग का टाइम खत्म होने के बाद पोलिंग पार्टियों को भी रोकने की कोशिश की। गुस्साए लोगों ने एसपी विकास सांगवान की गाड़ी भी तोड़ दी। इस बीच पुलिस ने रात करीब 9.30 बजे मीणा को हिरासत में ले लिया। इसके बाद मीणा के समर्थकों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे और भड़क गए। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण



ने पुलिस जवानों को घेरकर मीणा को छुड़ाकर ले गए। वहीं, गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे नरेश मीणा अचानक समरावता गांव पहुंचे और पुलिस पर मारपीट आरोप लगाए। मीणा ने एसडीएम पर आरोप लगाकर कहा था कि गांव के लोग वोटिंग का बहिष्कार कर रहे थे, लेकिन एसडीएम बीजेपी प्रत्याशी को जिताने के लिए फर्जी वोटिंग करा रहे थे। इतना ही नहीं एसडीएम ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, उसके पति और एक टीचर को धमकाया कि अगर वोट नहीं किया, तब सरकारी नौकरी चली जाएगी। मीणा ने कहा, एसडीएम को थप्पड़ मारने के बाद मैंने मांग की थी कि कलेक्टर यहां आएं, लेकिन कलेक्टर नहीं आईं। वे हाथों में मेहंदी लगाकर बैठी थीं। इस मांग को लेकर मैं धरने पर बैठा था, लेकिन मेरे लिए खाना और गद्दा आ रहे थे उन्हें भी पुलिस ने नहीं आने दिया और फिर मेरे समर्थकों पर लाठीचार्ज किया गया।

**नशेड़ी ट्रक ड्राइवर ने ली पांच की जान : पानीपत।** पानीपत में एक नशेड़ी ट्रक ड्राइवर के आतंक ने पांच लोगों की जान ले ली और एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। ट्रक ड्राइवर ने दिल्ली की ओर से चंडीगढ़ की तरफ गलत साइड पर आते हुए फ्लाईओवर पर कई दुर्घटनाएं कीं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। लघु सचिवालय के सामने फ्लाईओवर की ग्रिल तोडकर ट्रक ने एक कार को भी टक्कर मारी, जिसके चलते फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया।

**अब डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित होंगे मोदी : नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अफ्रीकी देश डोमिनिका द्वारा उनके समर्पण और महामारी के दौरान मदद करने के लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा। डोमिनिका सरकार ने सम्मान की घोषणा एक आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से की।

# यूपी में 40 आईएएस अफसरों की पदोन्नति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2009 बैच के 40 आईएएस अफसरों को विशेष सचिव और डीएम रैंक से पदोन्नति देकर सचिव कमिश्नर रैंक किया जाएगा। इसमें वाराणसी समेत पांच शहरों के जिलाधिकारी भी शामिल हैं। जिले के जिलाधिकारी एस राजलिंगम को पदोन्नति देकर कमिश्नर बनाया जाएगा। इनके साथ ही लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, गाजियाबाद के जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, मथुरा के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और कानपुर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को भी पदोन्नति मिली है।

**सगी बहनें युद्धपोतों की संभाल रहीं हैं कमान : नई दिल्ली।** नौसेना में पहली बार ऐसा हुआ है कि सगे भाई-बहन की जोड़ी एक साथ दो अलग-अलग युद्धपोतों की कमान संभाल रही है। यह उपलब्धि कमांडर प्रेरणा देवस्थली और कमांडर ईशान देवस्थली ने हासिल की है। कमांडर प्रेरणा और उनके भाई, ईशान दोनों भारतीय नौसेना के मजबूत और सक्षम अधिकारी हैं।

# एससी/एसटी एक्ट से मिली राहत

बेंगलुरु। कर्नाटक हाई कोर्ट ने एससी-एसटी ऐक्ट में दोषी करार दिए गए 101 लोगों में से एक साथ 99 लोगों को जमानत दे दी है। एक महीने पहले ही राज्य के माराकुंबी गांव में दलितों के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न के केस में 101 लोगों को दोषी ठहराया गया था। अब इन्हें अदालत ने इस आधार पर राहत दी है कि यह मामला 10 साल पुराना है, लेकिन दोषी ठहराए गए इन लोगों ने केस पर असर डालने वाली कोई हरकत नहीं की है। ऐसे में इनके जेल से बाहर रहने से केस पर कोई खास असर नहीं होगा। इसी को आधार बनाते हुए कोर्ट ने इन लोगों को 1 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी।

हाई कोर्ट की धारवाड़ बेंच के जस्टिस एस. हरीश कुमार और जस्टिस टीजी शिवशंकर गौड़ा इन लोगों की सजा को निलंबित कर दिया है और उन्हें बेल दे दी। बेंच ने कहा कि इस केस में निचली अदालत ने 10 साल में फैसला सुनाया और इस दौरान ये सभी लोग जमानत पर ही थे। लेकिन इनकी ओर से ऐसी कोई हरकत नहीं की गई, जिससे पीड़ितों के परिवारों को कोई परेशानी हो या फिर केस प्रभावित हो। ऐसे में इन्हें बेल दी जा सकती है क्योंकि इनके बाहर रहने पर किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं दिखती।


वहीं एससी-एसटी ऐक्ट में दोषी करार दिए गए इन लोगों के वकील ने कहा कि यह मामला 10 साल पुराना है। अब तो पीड़ित और ये लोग सभी घटना को भूल चुके हैं। फिलहाल दोनों ही पक्षों के परिवार और समाज के लोग शांति के साथ गांव में रहते हैं। इस पर बेंच ने भी सहमति दिखाई। इन्हीं तर्कों और तथ्यों के आधार पर बेल दे दी। बेंच ने कहा, 'सभी आरोपी ट्रायल के दौरान बेल पर थे। ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि इन लोगों ने बेल का गलत इस्तेमाल किया हो। पीड़ितों को जो चोटें आई हैं, वे सामान्य ही हैं। उनके जलाए हुए घरों की तस्वीरें भी सामने आई हैं। हमारी राय है कि निचली अदालत के फैसले पर विचार करने की जरूरत है और तब के लिए सजा को निलंबित किया जाता है।' यह घटना 28 अगस्त, 2014 की है, जब कुछ दलितों को मारकुंबी गांव के सैलून और होटलों में एंट्री देने से मना कर दिया गया था। यह गांव कोप्पल जिले के गंगावटी तालुके में आता है। इसी दिन हिंसा भड़क गई थी और फिर आरोपी है कि कथित ऊंची जातियों के तमाम लोगों ने इन पर ईंट, पत्थर और डंडों से हमला बोल दिया था। इस दौरान बड़े पैमाने पर दलितों को पीटा गया था, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। यहां तक कि बुजुर्ग लोगों तक को पीटा गया और उनके घरों को आग के हवाले कर दिया गया था। इस मामले में 25 अक्टूबर को ही कोप्पल की जिला अदालत ने 101 लोगों को दोषी करार दिया था और उनमें से 98 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## इंटर कालेज में बाल मेला व नई सुविधाओं का कैंट विधायक ने किया उद्घाटन

# बच्चों में जगाएं अनुशासन और राष्ट्रभाव

रामनगर। दुर्ग रोड स्थित राधा किशोरी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गुरुवार को बाल दिवस पर बाल मेले के साथ ही नवीनीकृत सुविधाओं का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने विद्यालय के 10 नवीनीकृत कक्षों, स्टेम लैब एवं नवीनीकृत शौचालयों का लोकार्पण भी किया।

विधायक सौरभ ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें सफलता के दो सूत्र भी बताए। एक अनुशासन, दूसरा मन में राष्ट्र प्रथम का भाव। विधायक ने विद्यालय की अध्यापिकाओं और अभिभावकों से बच्चों के मन में यह दोनों भाव जगाने का आह्वान किया। यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने छात्राओं को बेहतर शिक्षा सुविधाएं देने के लिए करोड़ों की लागत से भवनों की मरम्मत कराई है। उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम लगाया है। ज्ञानवर्धन के लिए लैब बनाया है। विद्यालय की अन्य आवश्यकताओं को भी पूर्ण कराया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य साधना राय ने विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। कार्यक्रम में



मोगली ट्रस्ट एवं प्लान इंडिया द्वारा संचालित स्कूल इंप्रूवमेंट प्रोग्राम के बारे में जानकारी प्लान की प्रोजेक्ट लीड प्रियंका सिन्हा ने दी। सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा की टॉपर छात्राओं एवं प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बाल मेले में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही कैरियर मेला, विज्ञान एवं गणित मेला, बनारस आर्ट गैलरी, हस्तशिल्प मेला, खाद्य एवं परिधान मेला, यूथ एवं इको क्लब के स्टाल के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। इस दौरान उप शिक्षा निदेशक मंडल वाराणसी अशोक नाथ तिवारी, डीआईओएस अवध किशोर सिंह, शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य हरेंद्र राय, राजेश रंजन, प्रधानाचार्य प्रभास झा, भाजपा के महानगर मंत्री डा अनुपम गुप्ता, संतोष द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, अशोक जायसवाल, मुकुन्द जायसवाल अदि उपस्थित रहे।

**विधायक ने किया लोगों की समस्याओं का समाधान : वाराणसी।** कैन्ट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने गुरुवार को महमूरगंज स्थित शिवाजी नगर स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय में सुबह नौ से 11.30 बजे तक जनसुनवाई कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित समाधान कराया।

इस दौरान काफी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। मंडुवाडीह के लोगों ने थाने से लेकर एफसीआई गोदाम तक नई सीवर लाइन की मांग की। इस पर विधायक ने जलकल महाप्रबंधक को तुरंत जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चंदुआ छित्तूपुर के राम जी वर्मा ने अपनी मां राजकुमारी देवी की कई महीनों से अटकी विधवा पेंशन की समस्या उठाई। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को तुरंत पेंशन दिलवाने का आदेश दिया। जद्दूमंदी के अंबिका मौर्य ने निःशुल्क चिकित्सा की मांग की, जिस पर विधायक ने सीएमओ को प्रार्थी की चिकित्सा निःशुल्क कराने के निर्देश दिए।

# मणिपुरः छह थाना क्षेत्रों में फिर से अफस्पा

## फिर में हालात बिगड़े : जातीय हिंसा के मद्देनजर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मणिपुर के छह थाना क्षेत्रों में फिर से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) लागू कर दिया है। इस अधिनियम के तहत किसी क्षेत्र को अशांत घोषित किया जाता है, जिससे सुरक्षा बलों को वहां प्रभावी रूप से कार्रवाई करने में सुविधा मिलती है। इन क्षेत्रों में जिरिबाम भी शामिल है, जहां हाल ही में हिंसा हुई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना में कहा गया कि यह फैसला मणिपुर में जारी जातीय हिंसा और अस्थिर स्थिति को देखते हुए लिया गया है। अफस्पा को जिन क्षेत्रों में फिर से लागू किया गया है, उनमें इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और लमसांग, इंफाल पूर्व जिले का लमसाई, जिरिबाम जिले का जिरिबाम, कांगपोकपी जिले का लेइमाखोंग, बिष्णुपुर जिले का मोइरंग क्षेत्र शामिल हैं। **मणिपुर सरकार ने 19 थाना क्षेत्रों को**



**अफस्पा से बाहर रखा थाः** मणिपुर सरकार ने एक अक्तूबर को राज्य के अधिकांश हिस्सों में अफस्पा लागू कर दिया था। हालांकि, उस समय 19 थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया था, जिनमें ये छह थाना क्षेत्र भी शामिल थे। इसके बाद गृह मंत्रालय ने नई अधिसूचना में इन छह थाना क्षेत्रों को भी शामिल किया है। जिन 19 थाना क्षेत्रों को अफस्पा से बाहर रखा गया था, उनमें इंफाल, लंफाल, सिटी, सिंजामेई, सेकमई, लमसांग, पटसोई, वांगोई, पोरोमपट, हेइंगंग, लमलाई, इरिलबुंग, लेइमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नामबोल, मोइरांग, ककचिंग और जिरिबाम शामिल थे।

हाल में सुरक्षा बलों ने मार गिराए 11 संदिग्ध उग्रवादीः मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से स्थिति गंभीर बनी हुई है। पिछले सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 11 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। इन उग्रवादियों ने काले कपड़ने पहने हुए थे और अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। उन्होंने जिरिबाम जिले के एक थाने और एक सीआरपीएफ शिविर पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके एक दिन बाद उग्रवादियों ने जिरिबाम जिले के छह नागरिकों का अपहरण किया, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

**अब तक हिंसा में मारे जा चुके 200 से ज्यादा लोग :** राज्य में मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों बेघर हो चुके हैं। हिंसा इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती समुदाय और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी-जो समुदाय के बीच शुरू हुई थी। जिरिबाम जिला शुरू में इस संघर्ष से प्रभावित नहीं था। लेकिन जून 2024 में एक किसान का शव मिलने के बाद इस जिले में भी हिंसक झड़पें शुरू हुईं।







# शिव की काशी के गंगा घाटों पर बही दीप गंगा की धारा

## कई घाटों पर सजायी गई दीपकों की आकृतियां, गंगा घाटों पर जम कर हुई आतिशबाजी, गंगा की मचलती लहरों के साथ आसमान के सितारों की हुईं अठखेलियां

वाराणसी। आसमान के सितारे आज गंगा की मचलती लहरों के साथ अठखेलियां करने आये थे। जगह था बनारस के घाट और मौका था कार्तिक पूर्णिमा पर देवदीपावली का। उनके साथ पूर्णमासी का चांद नहीं था। क्योंकि वह घाटों पर प्रदीप्त अनुपम दीप छटा देख कर शरमा गया था। उसकी धवल रश्मियां असंख्य दीपों के सामने फीकी पड़ गई थी। देवताओं का ध्यान भी भू-लोक के इस छोटे से कोने में था, जहां गंगा आज वैभव पर इठला रही थी। श्रद्धालुओं ने भी घाटों दीप शिखाओं को इस तरह से सजाया था मानों उत्तर वाहिनी के साथ-साथ दीप गंगा भी अपने सफर पर निकल पड़ी हो। सुबहे बनारस जैसा सौंदर्य आज शाम ढलने के बाद गंगा घाटों पर दिखने लगा था। प्रकाश बांटने वाले कार्तिक में आज दीपोत्सव लोगों के लिए किसी उल्लास से कम नहीं था। हर गली व सड़क से लोगों का हुजूम गंगा घाटों की



ओर था। गंगा घाट की सीढ़ियों पर कहीं भी पांव रखने की जगह नहीं बची थी। गंगा में चल रही नावें, मोटरबोट, स्टीमर पहले से ही भरे थे। अस्सी से लेकर नमोघाट, राजघाट तक अर्धचन्द्राकार शक्ल लिए बनारस के घाट किसी राजकुमारी के गले में पड़े स्वर्णहार की तरह चमक रहे थे। असंख्य दीपों की रश्मियां गंगा की लहरों के साथ सामंजस्य बिठाने का प्रयास कर रही थीं। लेकिन उनका अक्स बलखाती लहरों के साथ बनता मिटता रहता था। दीपावली पर्व के ठीक 15 दिनों बाद बनारस को दूसरी दीपावली देखने को मिला। लोग-बाग सारी रोशनी को समेटने के लिए आतुर थे। ताकि जीवन भर तिमिर के अंधियारे में वह खुद को प्रकाशमान कर सकें। गंगा घाटों पर विभिन्न भाषा-भाषियों के अलावा विदेशों से आये पर्यटकों का अपूर्व संगम रहा। कार्तिक पूर्णिमा को गंगा के घाट देवदीपावली की महत्ता को आलोकित करते हैं। मान्यता है कि महाभारत युद्ध में काशीराज व उनकी सेना ने पांडवों का साथ दिया था। विजय की खुशी के साथ युद्ध में वीरगति प्राप्त योद्धाओं की स्मृति में बनारस की जनता ने दीप जलाये और फिर पूर्णिमा के दिन घाटों को दीप ज्योति से बांधने का सिलसिला चल पड़ा। इससे एक कथा भी जुड़ी हुई है कि एक समय त्रिपुर नामक राक्षस ने तीनों लोकों में उत्पात मचा रखा था। देवताओं ने राक्षस से मुक्ति पाने के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। कार्तिक पूर्णिमा के दिन शिव ने राक्षस का वध किया। उस दिन शिव की पूजा की गई। साथ ही दीप जला कर त्रिपुरोत्सव मनाया गया। देवताओं के शुरू किया गया यह उत्सव बाद में देवदीपावली की परम्परा में शामिल हो गया। देवदीपावली पर नमोघाट पर शाम को जैसे ही एक दीप जला कर इसका शुभारंभ किया गया वैसे ही राजघाट से लेकर अस्सी घाट, सामनेघाट तक 21 हजार दीपक एक साथ झिलमिला उठे। नजारा देख कर हर कोई अभिभूत हो गया।

**राजघाट पर पहली बार 101 महिलाओं ने की गंगा आरती :** देव दीपावली पर महिलाएं पहली बार राजघाट पर 101 महिलाओं ने मां गंगा आरती की। इस दौरान झांकियों में गुरुनानक देव और गौतम बुद्ध की आभा निखरेगी। देव दीपावली एवं आरती महासमिति के अध्यक्ष आचार्य वागीश दत्त के मुताबिक राजघाट पर 101 महिलाएं मां गंगा की आरती करेंगी। वहीं, पर गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व और बूंदी परकोटा घाट पर बने भगवान

### आकर्षक नजारा

**21 लाख दीपों से सजी रहीं लड़ियों को देख हर कोई अभिभूत**

गौतम बुद्ध पार्क में दीपदान के साथ सौ पौधे रोपे गये।

**पंचगंगा घाट पर हजारा दीप प्रज्ज्वलित :** देवदीपावली पर पंचगंगा घाट स्थित श्रीमठ में शुक्रवार को अहिल्याबाई की तरफ से निर्मित हजारा दीप स्तम्भ प्रज्वलित कर देवदीपावली महोत्सव मनाया गया। इसी के साथ गोधूलि बेला में घाटों पर एक साथ लाखों दीप प्रज्वलित हो उठे। इस दौरान पंचगंगाघाट, रामघाट, बालाजीघाट, जटार घाट की सीढ़ियों पर हजारों दीप जलाये गये थे। इसके अलावा पितरकुंडा पर पितरों के नाम, रामकुंड पर रामेश्वर महादेव व भगवान राम, कंदवा में कर्दमेश्वर महादेव, ईश्वरगंगी पर देवताओं के नाम से दीप जलाए गये।

# बोले केशव प्रसाद, वर्तमान सरकार में बुद्ध सर्किट का हो रहा है विकास

## मूलगंध कुटी बौद्ध विहार के वार्षिकोत्सव में पहुंचे डिप्टी सीएम



वाराणसी। सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वर्तमान भाजपा की सरकार में बुद्ध सर्किट का तेजी से विकास हो रहा है। बुद्ध से संबंधित कोई भी प्रोजेक्ट बनाकर महाबोधि सोसायटी की ओर से भेजा जाएगा तो उसे पूरा करने की कोशिश होगी। यह बात उन्होंने शुक्रवार को मूलगंध कुटी बौद्ध विहार के 93वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार बुद्ध के चरणों में समर्पित है। कौशांबी में एक बहुत बड़े विपश्यना का निर्माण अपने अंतिम चरण में हैं। कुशीनगर में भी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनकर तैयार है। श्रावस्ती में हवाई अड्डा का निर्माण हो चुका है। संकशॉ का भी विकास तेजी से हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जब भी काशी आगमन होगा, सारनाथ अवश्य आऊंगा। सोसायटी बुद्ध से संबंधित कोई भी प्रोजेक्ट देगी, उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। तिब्बती संस्थान के रमेश चंद्र नेगी ने कहा कि बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने से बड़ी से बड़ी वैश्विक समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने विचार व्यक्त किया। इस दौरान मूलगंध कुटी मंदिर को लगभग पांच हजार दीपों से सजाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संदीप सिंह ने दिया। अतिथियों का स्वागत सोसायटी के महासचिव भिक्षु पी शिवली थेरो ने किया। इस मौके पर विधायक अनिल मौर्या, भिक्षु के सीरी सुमेध थेरो, भिक्षु सुमितानंद थेरो आदि उपस्थित थे।

# अडिग आस्था : निकली तथागत की अस्थि अवशेष कलश की शोभायात्रा

वाराणसी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को मूलगंधकुटी बौद्ध मंदिर से तथागत के अस्थि अवशेष कलश की शोभायात्रा निकाली गई। अस्थि अवशेष कलश को वियतनाम के उपासक हाथ में लेकर हाथी पर बैठे थे। नेतृत्व महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया के महासचिव भिक्षु पी शिवली थेरो ने किया। सुबह लगभग पांच बजे बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध की प्रतिमा एवं अस्थि अवशेष कलश की पूजा कर मंदिर का कपाट उपासकों के दर्शन के लिए खोल दिया। सोसायटी के महासचिव भिक्षु पी शिवली थेरो ने बताया कि तीसरे दिन अस्थि अवशेष का दर्शन लगभग 15 हजार बौद्ध अनुयायियों ने किया। इनमें ज्यादातर भारतीय बौद्ध अनुयायी थे। इसके बाद उपासकों में बुनिया का प्रसाद एवं पानी के साथ अस्थि अवशेष के चित्र का कैलेंडर भी वितरित किया गया। इसके बाद बुद्ध के अस्थि अवशेष कलश की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सबसे आगे वियतनामी उपासक एक रथ पर बैठे थे। उनके आगे बैंडबाजा बजाते हुए एक दल चल रहा था। इसके बाद एक वाहन पर तथागत की प्रतिमा थी। इसके पीछे वियतनामी उपासक हाथों में पंचशील झंडा लेकर चल रहे थे। इनके पीछे श्रीलंकाई कलाकार ढोल-नगाड़े पर श्रीलंकाई पद्धति में नृत्य करते हुए चल रहे थे। वियतनामी उपासकों का एक दल हाथ में शांति स्तूप का प्रतीक चिह्न लेकर चल रहा था। इस दौरान वियतनामी उपासक पंचशील झंडा व भाला लेकर चल रहे थे। वहीं महिलाएं हाथों में सफेद कमल के फूल का मॉडल लेकर चल रही थी। इनके पीछे हाथी पर विराजमान होकर वियतनामी दल के नेतृत्वकर्ता हाथों में कलश लेकर बैठे थे। उनके पीछे रथ पर वियतनामी उपासक बैठकर लोगों पर फूल छिड़कते हुए चल रहे थे। उनके पीछे स्काउट एण्ड गाइड के बच्चे बैंड-बाजा बजाते हुए चल रहे थे। महाबोधि इंटर कॉलेज के छात्र एवम एनसीसी कैडेट्स हाथों में पंचशील झंडे लेकर चल रहे थे।

# डोमरी में होगा शिव महापुराण कथा

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आने की संभावना

**संतोष अग्रहरि**

वाराणसी। शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन गंगा तट के निकट डोमरी में आगामी बुधवार सेप्रारंभ होगा इस संबंध में महामण्डलेश्वर श्री सन्तोष दास 'सतुआ बाबा' के सानिध्य में आयोजित शिव महापुराण कथा पण्डित प्रदीप मिश्र जी (सिहोर वाले) की वाराणसी में दिनांक 20 नवंबर से नवंबर तक श्री सतुआ बाबा गौशाला, डोमरी, में होने जा रही है। इस दौरान 4-5 लाख भक्तों की भीड़ आने की संभावना है।

इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं ने अभी से ही आयोजन स्थल पर पहुंचना शुरू कर दिया है। आयोजन में भक्तों के लिए पंडाल का निर्माण भी कार्य जोर शोर से चल रहा है। इसमें लगभग 50 हजार भक्तों के बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी, पर्याप्त वायु व्यवस्था, शौच आदि की भी पूरी सुविधा है। भक्तों के आने का क्रम प्रारंभ हो चुका है। उक्त आशा की जानकारी महामंडलेश्वर संतोष दास ने शौर्य न्यूज इंडिया से विशेष बातचीत के दौरान सोमवार को कहीं। गौरतलब है कि इस वृहद आयोजन में बड़ी संख्या में भीड़ जुटेगी। ऐसे में श्रद्धालुओं के लिए किसी भी प्रकार की श्क्ह सुविधा



अथवा पास की कोई व्यवस्था नहीं है। भक्त स्वेच्छा से सपरिवार यहां आकर शिवमहापुराण का श्रवण कर सकते हैं। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वे पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ इस आयोजन में भाग लें, और साथ ही प्रशासन द्वारा दी गई सभी सुरक्षा और व्यवस्थाओं का पालन करें। इस भव्य आयोजन के दौरान प्रशासन हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

आयोजन स्थल पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि सभी श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन एवं धार्मिक कृत्य में सम्मिलित होने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से संजय केसरी, एवं वरिष्ठ पत्रकार मोतीलाल उपस्थित रहे।

# मोबाइल छीनने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



रामनगर (वाराणसी) सन्मार्ग रामनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी मोबाइल छिनइति करने वाले अंतर जनपदीय गिरोह के कुल चार एवं एक अपचारी अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। इनमें से एक की मोबाइल की दुकान भी है। अभियुक्त शिवम मिश्रा, साहिल, प्रियांश ने बताया कि छिनईती किए हुए मोबाइलों को अनिकेत जिसकी दुकान गल्ला मंडी मुगलसराय में है।उनसे खरीदना था कड़ाई से पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग अपराध करते समय मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट पर कपड़ा बांध देते हैं जिससे कि राहगीरों से छिना झपटी करते समय कोई हम लोगों के मोटरसाइकिल का नंबर देख ना ले कुछ मोबाइल फोन अभी हम लोग अनिकेत को बेचे हैं जो अभी उसी के पास है। पुलिस उपयुक्त काशी जोन डॉ. ईशान सोनी ने रविवार रामनगर थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बरामदगी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस इस मौके पर रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह मौजूद रहे।

# रोशनी से नहाए मंदिर, तालाब और कुंड

वाराणसी। देव दीपावली पर शुक्रवार को काशी महानगरी में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी आस्था हिलोरे मारते नजर आयी। इस दौरान मंदिर ही नहीं तालाब और कुंड दीपों और झालरों की रोशनी से नहाए नजर आए। आतिशबाजी का नजारा देखते ही बनता था। क्या महिलाएं और पुरुष, नौजवान संग युवा भी देव दीपावली को भव्य रूप से मनाते नजर आए। चहुंओर खुशी का सैलाब नजर आया।

**रामनगर का शास्त्री घाट भी हुआ जगमग :** देव दीपावली के मौके पर शुक्रवार की शाम दीपों की रोशनी से नगर का शास्त्री घाट, रामबाग पोखरा सहित अन्य तालाब सराबोर नजर आया। गंगा घाट से लगायत तालाब और पोखरे जगमग हुए तो जमकर आतिशबाजी भी हुई। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने भी लोगों को देर शाम तक बांधे रखा। स्थानीय शास्त्री घाट पर देव दीपावली एवं शिव बारात पूजा ट्रस्ट और मां गंगा दैनिक आरती सेवा समिति की तरफ से दीपदान, मां गंगा की आरती का आयोजन हुआ। पक्के घाट पर दीपों की लड़ी सजाई गई। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। बच्चों ने भक्ति संगीत पर आधारित नृत्य आदि प्रस्तुत किये। वहीं ऐतिहासिक रामबाग



पोखरे पर ग्रामीणों की ओर से भव्य सजावट की गई। 51 हजार दीपों से सजी पोखरे की सीढ़ियों ने सहज ही लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रम आयोजन में श्रीनारायण द्विवेदी डंडा गुरु, गणेश विश्वकर्मा, पारसनाथ गुप्ता, रंजीत चौहान, देवेश गुप्ता, रघुराज सिंह, मनोज कुमार आदि ने सक्रिय सहयोग दिया।

देव दीपावली पर शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों, कुण्डों, तालाबों को दीपों के साथ ही विद्युत झालरों से बड़े आकर्षक ढंग से सजाया गया। क्षेत्र के मुस्तफाबाद तालाब, कच्चा बाबा तालाब जाल्हूपुर, चिरईगांव चौराहा, काली मंदिर सीवों, सलारपुर तालाब, खालिसपुर तालाब के चारों ओर दीपक जलाये गये। साथ ही विद्युत झालरों से बड़े आकर्षक ढंग से सजाया गया। वहीं कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डूबकी भी लगायी। क्षेत्र के कमौली, तातेपुर, गौराकलां, नेवादा, शंकरपुर, चिरईगांव, सलारपुर, बरियासनपुर सहित दर्जनों गांवों से महिला, पुरुष श्रद्धालु गंगा में आस्था की डूबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बने।

देव दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को कैथी स्थित श्री मारकंडेय महादेव घाट से गंगा-गोमती संगम घाट तक सवा लाख दीपों से जगमगा उठा। मां जाह्नवी प्रज्ञा सेवा समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में दोपहर से ही दीपक सजाने, बाती रखने और तेल डालने के कार्य में बच्चे और महिलाएं लगी हुयी थीं। शाम होते ही दीप प्रज्वलन प्रारम्भ हुआ और देखते ही देखते लगभग एक किलोमीटर लम्बा गंगा-गोमती का तट दीपों से जगमगाने लगा। दूरदराज से हजारों की संख्या में पधारे भक्तों ने मारकंडेय महादेव धाम में दर्शन करके दीपदान किया। हजारों दीपक प्रवाहित किये जाने से गंगा की छवि और आकर्षक हो गयी थी। इस अवसर पर मा गंगा का पूजन कर आरती की गयी। कैथी स्थित छोटा शिवाला घाट पर भी स्थानीय युवकों ने आकर्षक दीप मालाएं सजाई।



# प्रकाशोत्सव पर रामनगर में भव्य शोभायात्रा, दोनों गुट के प्रधान रहे

रामनगर (रौशनी)। सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव पर्व पर रविवार को रामनगर में गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर में चारों तरफ भ्रमण के उपरांत पुनः गुरुद्वारा जाकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में गुरुद्वारा सिंह सभा के दोनों प्रधान प्रबंधक सरदार दलबीर सिंह एवं सरदार गुरजीत सिंह के अलावा सरदार रविंदर सिंह लड्डू, सरदार मंजीत सिंह मंगू, सरदार जसवीर सिंह, सरदार सोनू सिंह, सरदार गुरजीत सिंह चन्नी डिंपल सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।






# काशी में साल भर में एक बार होती है पूजा, मंदिरों में भी हुआ विशेष पूजन

**रिम्मी कौर**

वाराणसी। बाबा विश्वनाथ धाम में विराजमान भगवान विष्णु के समस्त विग्रहों का विशेष पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन के लोगों की उपस्थिति रही। बैकुंठ चतुर्दशी पर साल भर में यह पूजन एक बार होता है। बैकुंठ चतुर्दशी पर हर और हरि का स्वरूप एकाकार हुआ। श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ को तुलसीदल और भगवान विष्णु को बेलपत्र समर्पित किया। इसके साथ ही धाम में विराजमान श्री हरि भगवान विष्णु के समस्त विग्रहों का पूजन-अर्चन हुआ। यह पूजा साल भर में एक बार होती है।

धाम स्थित शंकराचार्य चौक में वेद पारायण से अनुष्ठान शुरू हुए। मुख्य मंदिर परिसर में गर्भगृह एवं दंडपाणि विग्रह के मध्य विराजमान बैकुंठ जी के विग्रह पर सहस्त्रार्चन एवं राग-भोग आरती हुई। सुबह आराधना का प्रारंभ बेलपत्र व तुलसी चढ़ाकर बृजधाम मथुरा से पधारे संत कार्ष्णि गुरु शरणानंद महाराज ने किया। उसके बाद मंदिर न्यास कार्यपालक समिति के अध्यक्ष मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश मिश्र ने भी तुलसी पत्र अर्पित कर महादेव की आराधना की। संपूर्ण पूजन का पौरोहित्य पं. वेंकट रमण घनपाठी ने किया। मुख्य मंदिर परिसर में बी गेट सरस्वती द्वार प्रवेश के दाहिनी ओर सत्यनारायण के विग्रह पर शुक्ल यजुर्वेद के पुरुष सूक्त पाठ के उपरांत आरती हुई। मंदिर परिसर में ए गेट गंगा द्वार प्रवेश के दाहिनी ओर विराजमान बद्रीनारायण जी के विग्रह पर विष्णु सहस्त्रनाम पाठ के उपरांत राग-भोग आरती हुई। शुभारंभ विधायक नीलकंठ तिवारी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दीप जलाकर किया। नीरज सिंह ने भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु भाव विभोर होकर संगीत एवं नृत्य में सहभागी हो कर उत्सव में सम्मिलित हुए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं **प्रधान संपादक अजीत कुमार सिंह, स्थानीय संपादक प्रिया दूबे,** कुतुलूपुर रामनगर वाराणसी से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित। **आरएनआई नम्बर** : UPBIL05106 । इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

**सम्पर्क : 9473893322**
**7309842122 (विज्ञापन)**

## गुरुनानक देव महराज का प्रकाशोत्सव मनाया

वाराणसी। गुरुनानक देव महराज प्रकाशोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर के गुरुद्वारों में भजन-कीर्तन शुक्रवार को शुरू हो गया था।। देर शाम तक यह आयोजन चलता रहेगा। इसके साथ ही लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या् में लो्गों ने भाग लेकर लंगर का प्रसाद लिया। गुरुनानक देव महाराज के 555वें प्रकाशोत्सव की पूर्व संध्या पर गुरुबाग गुरुद्वारा दुल्हन की तरह सजा रहा। विद्युत झालरों से जगमग गुरुद्वारे में मत्था टेकने के लिए संगत की कतार लगी रही।

अमृतसर और शिमला से आए हजूरी जत्थे ने गुरुवाणी की महिमा का गानकर संगत को निहाल किया। प्रकाशपर्व को लेकर गुरुबाग और नीचीबाग गुरुद्वारे में आकर्षक सजावट की गई है। गुरुबाग गुरुद्वारे में सुबह से ही संगत के आने का सिलसिला शुरू हुआ, जो रात तक चलता रहा है। शाम को शबद कीर्तन शुरू हुआ।

# नौ दिवसीय कथा का आयोजन, जुटे भक्त



वाराणसी। कपसेटीलखन सैनपुर चंद्रप्रभा पब्लिक स्कूल में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है।

यह श्री राम कथा का कार्यक्रम 13 नवंबर से 21 नवंबर तक लगातार चलेगा। श्री राम कथा का समय 3:00 बजे से शुरू होकर 6:00 बजे तक प्रतिदिन चलेगा आज कथा का चौथा दिन था कथा वाचक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री बाल योगी संजय जी महाराज ने भगवान श्री राम का जन्म उत्सव मनाया गया और उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर असुरों की शक्ति का विस्तार हुआ है तब तब भगवान ने जन्म लेकर उनका विनाश किया है और मनुष्य को भी जब-जब उनके अंदर अहंकार और दुर्विकार जन्म ले तो ईश्वर का नाम लेते हुए उसे समाप्त कर लेना चाहिए जिससे मोक्षकी प्राप्ति होती है इस मौके पर स्कूल प्रबंधक अजीत कुमार सिंह धीरज सिंह मंटू और सभी साथीगढ़ मौजूद रहे।